हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 110, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 11 अक्टूबर, 2022 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

नहीं रहे धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव

मेदांता अस्पताल में 82 साल की उम्र में नेता जी ने ली अंतिम सांस

नई दिल्ली (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव नहीं रहे। नेताजी को यूरिन संक्रमण, ब्लड प्रेशर की दिक्कत और सांस लेने में तकलीफ की वजह से दो अक्टूबर को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तभी से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। नौ दिन तक मेदांता के आईसीयू और क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहने के बाद नेताजी ने सोमवार सुबह 8:16 बजे अंतिम सांस ली। 82 साल की उम्र में सोमवार सुबह उनका निधन हो गया। मुलायम सिंह यादव के निधन से देश भर में उनके समर्थकों और पार्टी लाइन से ऊपर उठकर विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़कर काम करने वाले राजनीतिक-सामाजिक कार्यकताओं में शोक की लहर है। पिछले कई दिनों से मुलायम सिंह की सेहत को लेकर देश भर में चिंता जताई जा रही थी। समाजवादी पार्टी के अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मुलायम सिंह यादव के पुत्र और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से नेताजी के निधन की पुष्टि की गई। ट्वीट में लिखा है- 'मेरे आदरणीय पिताजी नहीं रहे-अखिलेश यादव।' मुलायम सिंह यादव के निधन की सूचना मिलते ही मेदांता अस्पताल पर उनके समर्थकों, परिवार के नजदीकी लोगों और राजनीतिक नेताओं-कार्यकताओं की भीड़ जुटने लगी है। बड़ी संख्या में आ रहे लोगों को देखते हुए अस्पताल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले कई दिनों से मुलायम सिंह की सेहत को लेकर देश भर में चिंता जताई जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ सहित देश की तमाम राजनीतिक हस्तियां लगातार उनकी सेहत का हाल ले रही थीं। मुलायम सिंह यादव की शख्सयित पार्टी की सीमाओं से पार हर दल और विचारधारा के लोगों को आकर्षित करती थीं। यही वजह है कि सोमवार को उनके निधन के बाद सिर्फ समाजवादी पार्टी नहीं बल्कि हर दल और संगठन में शोक की लहर है। मुलायम जब से मेदांता अस्पताल में भर्ती थे तबसे उन्हें देखने के लिए देश भर से लोग पहुंच रहे थे। मुलायम 1967 में पहली बार विधायक बने थे। वह आठ बार विधायक और 7 बार सांसद रहे। तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री और दो बार केंद्र में मंत्री रहे। देश के रक्षा मंत्री रहते मुलायम सिंह यादव ने सीमा पर जाकर सेना का दिल जीत लिया था। मुलायम सिंह सैफई से सत्ता के शिखर तक का सफर बड़े ही संघर्षों के साथ तय किया था।

मुलायम सिंह यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक-संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया मुलायम सिंह यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि बेहद साधारण परिवेश से आए मुलायम सिंह यादव की उपलब्धियां असाधारण थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ह्यधरती पुत्रह्ण मुलायम जमीन से जुड़े दिग्गज नेता थे। उनका सम्मान सभी दलों के लोग करते थे। उनके परिवार-जन एवं समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक-संवेदनाएं। उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को 82 वर्ष की उम्र में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर सोमवार को शोक जताया और कहा कि आपातकाल के दौरान वह लोकतंत्र के प्रमुख सिपाही थे और रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने देश को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ज्ञात हो कि मुलायम सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पीएम मोदी ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने ट्वीट किया दोनों लोग जब मुख्यमंत्री थे, तब हमारे बीच लगातार बातचीत हुआ करती थी और यह सिलसिला आगे भी जारी रहा। मैं महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनसे उनकी राय भी लेता था। उनके निधन से मुझे गहरा दुःख पहुंचा। उनके परिवार और उनके समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने सुदीर्घ जीवनकाल में उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया। वह आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के प्रमुख सिपाही के रूप में सामने आए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संसद की कार्यवाही के दौरान उनके हस्तक्षेप भी बहुत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रहित में हुआ करते थे। मुलायम सिंह यादव को एक जमीनी नेता के रूप में याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोगों की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने कहा कि नेताजी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आदर्शों के प्रचार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

सीएम केजरीवाल ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक-संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि मुलायम सिंह यादव का सोमवार को गुरुग्राम में उपचार के दौरान 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ हफ्तों से बहुत खराब चल रहा था, जिसके बाद उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके सभी प्रशंसकों और परिजनों को ये अपार दुख सहने की शक्ति दें। ओम शांति।

सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में मुलायम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : प्रियंका- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुःख जताते हुए कहा कि पूर्व रक्षामंत्री एवं सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला। भारतीय राजनीति में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत सरकार के रक्षा मंत्री व सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में उनका अतुलनीय योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा अखिलेश यादव व अन्य सभी प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी शोकःसंवेदना। ईश्वर मुलायम सिंह यादव को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव का सोमवार को 82 साल की उम्र में गुरुग्राम के मेदांता में सोमवार को उपचार के दौरान निधन हो गया है।

मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सैफई पहुंचा, कल होगा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता मुलायम सिंह यादव ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आज (10 अक्टूबर) सुबह 8:16 बजे अंतिम सांस ली। उनके बेटे अखिलेश यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से सपा नेता की हालत गंभीर बनी हुई थी। 22 नवंबर, 1939 को जन्मे मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया। वे 10 बार विधायक और 7 बार लोकसभा सांसद चुने गए थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दिग्गज राजनेता मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से देश में संघर्ष और समाजवाद के एक युग का अंत हो गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिन के राजकीय शोक की भी घोषणा की और कहा कि दिग्गज नेता का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

कल होगा अंतिम संस्कार- मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर उत्तर प्रदेश में उनके पैतृक गांव सैफई पहुंच गया है। उनका अंतिम संस्कार कल 11 अक्टूबर को वहीं किया जाएगा।

सपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। राजेंद्र चौधरी ने कहा- नेता जी भले हमारे बीच नहीं है लेकिन उनका संघर्ष, विचार हमेशा हमारे बीच रहेंगे... समाजवादी पार्टी के लखनऊ के मुख्यालय में पार्टी के झंडे को झुकाया है और एक शोक सभा भी की है। हमने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। जे.पी. नड्डा ने कहा- मुलायम जी बहुत ही जनप्रिय नेता थे। सारी जिंदगी उन्होंने जनता की आवाज उठाई और उन्होंने सामाजिक दृष्टी से सामाजिक न्याय के लिए कार्य किया। मैं अपनी ओर से मुलायम सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। कर्नाटक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को हिरियूर में श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा- मुलायम सिंह यादव एक ऐसे नेता थे जिन्होंने गरीबों से जुड़कर अपनी जिंदगी गुजारी। अभी तक के जो भी नेता रहें उनमें से मुलायम जी एक बड़ा नाम थे। दिलचस्प बात यह है कि इतनी उम्र के बावजूद वे सदन में आते और हर वक्तव्य को सुनते समझते थे। मुलायम सिंह यादव के निधन पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शोक जताया। तेजस्वी यादव ने कहा- नेता जी की तबीयत का जायजा लेने कुछ दिन पहले लालू जी और मैं मेदांता अस्पताल गए थे। आज सुबह उनके निधन की खबर मिली जिससे हम दुखी हैं। उनके जाने से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में क्षति हुई है। उनके जाने से हमें काफी दुख है।

उत्तर प्रदेश में 3 दिन का राजकीय शोक घोषित

रूस ने यूक्रेन पर दागी 75 मिसाइलें, 8 की मौत, कई घायल

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में सोमवार सुबह जोरदार धमाके हुए हैं। कीव के अलावा यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया गया है। एजेंसी से मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी में मिसाइल से हमला किया गया है। इन हमलों में कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जोरदार धमाकों के बाद कीव से घना धुआं उठा। राजधानी कीव पर ये रूस का कई दिनों बाद हमला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हमले में कई लोग मारे गए हैं। इसके अलावा कई घायल भी हुए हैं। वहीं, कीव पुलिस का कहना है कि हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हुई है। उधर, यूक्रेन का दावा है कि उसने रूस की कई मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन के टॉप जनरल ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने कम से कम 41 मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि रूसी सेना ने 75 मिसाइल दागी थी, जिनमें से 41 मिसाइलों को नष्ट किया गया। बता दें कि ताजा हमले रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के बाद हुए हैं। दो दिन पहले ही इस पुल पर धमाका हुआ था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था। पुतिन ने कहा था कि पुल को उड़ाने की घटना आतंकी साजिश है।

गुजरात अर्बन नक्सलियों को युवाओं की जिंदगी बर्बाद नहीं करने देगा : पीएम मोदी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी सोमवार को भरूच में विभिन्न विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'शहरी नक्सली' अपना रूप बदलकर गुजरात में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन राज्य उन्हें युवाओं के जीवन को तबाह करने की अनुमति नहीं देगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'आज सुबह मैं यहां आ रहा था तब एक दुखद खबर भी मिली। आज मुलायम सिंह यादव जी का निधन हो गया है। मुलायम सिंह यादव जी का जाना देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।



'मुलायम सिंह की सलाह आज भी मेरी अमानत हैं'- पीएम मोदी ने कहा, 'मुलायम सिंह यादव जी के साथ मेरा नाता विशेष प्रकार का रहा है। जब हम दोनों मुख्यमंत्री के रूप में मिला करते थे, तब वे भी और मैं भी दोनों के प्रति एक अपनत्व का भाव अनुभव करते थे। जब भाजपा ने 2014 चुनाव के लिए मुझे प्रधानमंत्री पद के लिए आशीर्वाद दिया तब मैंने, विपक्ष में जो लोग थे, जिनसे मेरा परिचय था, जो वरिष्ठ राजनेता थे, उनसे आशीर्वाद देने का एक उपक्रम किया था। मुझे याद है, उस दिन मुलायम सिंह जी का वो आशीर्वाद, कुछ सलाह के वो शब्द, आज भी मेरी अमानत हैं।'

'भरूच की चर्चा हमेशा गर्व के साथ होती है'- पीएम मोदी ने कहा, 'जब भी हम भारत के इतिहास को पढ़ते हैं और भविष्य की बात करते हैं, तो भरूच की चर्चा हमेशा गर्व के साथ होती है। इस धरती ने ऐसी अनेकों संतानों को जन्म दिया है, जिन्होंने अपने काम से देश का गौरव बढ़ाया है।' उन्होंने कहा, 'आज पहला बल्क ड्रग पार्क गुजरात को मिला है, और वो भी मेरे भरूच को मिला है। केमिकल सेक्टर से जुड़े अनेक प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है।'

प. बंगाल में केंद्रीय बल तैनात किए जाएं, हिंसा के बाद नेता विपक्ष ने गृहमंत्री से की मांग

कोलकाता (ईएमएस)। मोमिनपुर हिंसा और एकबालपुर पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ के बाद पश्चिम बंगाल में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल केंद्रीय बलों की तैनाती का अनुरोध किया है। रविवार को हिंसा भड़कने के बाद देर रात बड़ी संख्या में लोगों ने एकबालपुर थाने को घेर लिया। हिंसा की घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अभी तक यह बात सामने नहीं आ सकी है कि दोनों समुदायों के बीच तनाव किस बात पर पैदा हुआ। हिंसा के बाद बंगाल में भाजपा ने मोमिनपुर इलाके में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती की मांग की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ट्वीट किया कि हिंदुओं के घरों पर हमले होने पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कोलकाता पोर्ट के मयूरभंज में हिंदू पलायन कर रहे हैं, उनके घरों पर हमले हो रहे हैं। पुलिस चुपचाप देख रही है। कानून व्यवस्था नहीं है। स्थिति गंभीर है, राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के मोमिनपुर इलाके में रविवार को दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई। यह मामला तेजी से हिंसक होता गया और वाहनों में तोड़फोड़ की गई और लोगों ने पथराव किया। मोमिनपुर में हिंसा भड़कने के बाद भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ सरकार की आलोचना करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने कहा उनके शासन में सांप्रदायिक दंगे आम हो गए हैं। मालवीय ने 1946 के नोआखली दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग इतिहास से सबक नहीं सीखते हैं, वे इसे दोहराने के लिए अभिशप्त हैं। उन्होंने एक ही दिन होने वाली इन दो घटनाओं के बीच तुलना की, जब हिंदू कोजागरी लक्ष्मी पूजा या शरद पूर्णिमा मनाते हैं। अमित मालवीय ने भी मजूमदार के बयान को दोहराया और कहा कि एकबालपुर पुलिस पुलिस थाना छोड़कर भाग गई।

मुलायम सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने कल इटावा के सैफई जाएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संरक्षक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव इटावा के सैफई में होगा। मुलायम सिंह यादव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ सैफई महोत्सव पंडाल के पास उनकी जमीन पर होगा और यहीं पर उनकी समाधि बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इटावा के सैफई जाकर मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। मुलायम सिंह यादव लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के पहले शपथ ग्रहण समारोह में अखिलेश यादव के साथ मंच पर मौजूद थे। सैफई महोत्सव प्रांगण के पास मुलायम सिंह यादव की पैतृक जमीन पर करीब तीन बजे से उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं पर उनकी समाधि बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट बैठक के बाद मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि हमने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं मुलायम सिंह जी को श्रद्धांजलि देता हूं। इसके साथ ही उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मुलायम सिंह यादव भी भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। देश तथा प्रदेश की राजनीति में अहम भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पांच दशक तक राजनीति में सक्रिय रहे। मुलायम सिंह यादव एक संघर्षशील नेता थे। उनके निधन पर हमने प्रदेश में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। नेताजी के निधन पर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुकाया गया है। उनका अंतिम संस्कार भी पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा। मैं कल अंतिम संस्कार में सैफई जाऊंगा।सैफई में मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शासन पूरे राजकीय सम्मान के साथ करवाएगी।

संपादकीय

असंयमित बोल

उनका मकसद अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पर वार करना अधिक होता है। मगर इस तरह कई बार उनकी बातों या बयानों से सामाजिक ताने-बाने पर असर पड़ना शुरू हो जाता है। अपने विपक्षी पर किया वार पलट कर उन्हीं को आ लगता है। यही हुआ दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के साथ। कुछ दिनों पहले दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम का एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें कुछ लोग कथित रूप से शपथ लेते दिखाई देते हैं कि वे हिंदू देवी-देवताओं को नहीं मानेंगे, न उनकी पूजा करेंगे। उस कार्यक्रम के मंच से दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री भी यह शपथ लेते या दिलाते नजर आते हैं। इसे लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर हमला शुरू कर दिया है। गौतम के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। जब यह मामला तूल पकड़ने लगा तो पहले गौतम ने सफाई दी कि वे भगवान बुद्ध के अनुयायी हैं और उनकी आस्था को संवैधानिक रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती, भाजपा इसे नाहक तूल दे रही है। फिर उन्होंने कहा कि वे सभी देवी-देवताओं के प्रति सम्मान रखते हैं। दबाव बढ़ने पर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इन दिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और भाजपा के बीच तनातनी तेज है। दिल्ली सरकार की कथित अनियमितताओं के खिलाफ जांच चल रही है और इस पर अक्सर दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ खड्गहस्त नजर आती हैं। ऐसे में गौतम के बयान ने भाजपा को हमले का एक आसान मौका मुहैया करा दिया है। भाजपा धर्म से जुड़े हर विषय पर आक्रामक रुख अपनाती और उसके जरिए जनाधार मजबूत बनाने का प्रयास करती रही है। गौतम के बयान को लेकर भी वह अब मैदान में है। स्वाभाविक ही इस मामले में आम आदमी पार्टी को पलट कर हमला करते नहीं बन रहा है। इस समय पूरे देश में धर्म एक संवेदनशील मसला बना हुआ है। उस पर कोई भी रुख सोच-समझ कर लेना पड़ता है। मगर गौतम ने इस पर विचार नहीं किया कि उनके विचारों से भाजपा को कितना लाभ मिल सकता है। बताया जा रहा है कि उनसे दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल नाराज हैं। मगर हैरानी की बात है कि उन्होंने अब तक न तो गौतम के खिलाफ कोई कार्रवाई की, न उन्हें कोई नसीहत दी और न ही भाजपा के हमलों पर बचाव किया है। जिम्मेदार पदों का निर्वाह कर रहे लोगों से स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे सार्वजनिक जीवन में संतुलित और मर्यादित आचरण करें। बेशक बौद्ध धर्म और भीमराव आंबेडकर के विचारों का पालन करने वाले लोग हिंदू देवी-देवताओं में विश्वास न करते हों, पर यह उनकी निजी आस्था तो हो सकती है, इस आधार पर उन्हें सार्वजनिक रूप से किसी की आस्था को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं मिल जाता। हालांकि जिस कार्यक्रम का वीडियो प्रसारित हो रहा है, वह बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों का कार्यक्रम था और उसमें बौद्ध धर्म ग्रहण करने वालों को शपथ दिलाई गई थी। इसलिए वे तर्क दे सकते हैं कि उनका इरादा दूसरे धर्म को आहत करने का नहीं था। मगर उस कार्यक्रम में गौतम चूंकि एक मंत्री की हैसियत से उपस्थित थे, इसलिए उनसे मर्यादा पालन की अपेक्षा थी।

जमा दरों में वृद्धि के मायने

ऐसे में छोटे निवेशक शेयर बाजार की जगह बैंक में फिर से निवेश करना शुरू कर सकते हैं, क्योंकि बैंक में जमा करना शेयर बाजार में निवेश करने की अपेक्षा सुरक्षित है। जमा बीमा कवर की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए करने से पंचानबे फीसद से अधिक निवेशकों के बैंक में किए गए निवेश पूरी तरह से सुरक्षित हो गए हैं।

महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में लगातार इजाफा कर रहा है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 4 मई, 2022 के बाद से रेपो दर में कुल 190 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर चुकी है। अब रेपो दर 5.90 फीसद के स्तर पर पहुंच गया है। हाल में की गई मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में फिर से पचास आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। अगर महंगाई काबू में नहीं आती, तो केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत दरों में और इजाफा कर सकता है। चूंकि केंद्रीय बैंक, बैंकों को दी जाने वाली उधारी पर रेपो दर के अनुसार ब्याज लेता है, इसलिए, रेपो दर में बढ़ोतरी करने से बैंकों को महंगी दर पर पूंजी मिलती है और पूंजी की लागत अधिक होने पर बैंक उधारी पर ब्याज दर में बढ़ोतरी कर देते हैं, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। हालांकि, उधारी दर में वृद्धि से महंगाई में कमी आने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि जब बैंक महंगी दर पर कर्ज देते हैं तो आम आदमी और कारोबारी कर्ज लेने से परहेज करते हैं। पैसों की किल्लत की वजह से महंगे उत्पाद खरीदना मुमकिन नहीं होता, जिससे मांग में कमी आती है और जब किसी उत्पाद की मांग में कमी आती है तो उसकी कीमत में भी कमी आ जाती है।

बैंक उधारी देने के लिए या तो रिजर्व बैंक से रेपो दर पर कर्ज लेते हैं या फिर अपनी जमा राशि का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए जब केंद्रीय बैंक से उधार लेना महंगा हो जाता है तो पूंजी इकट्ठा करने के लिए बैंक जमा दर में बढ़ोतरी करते हैं, ताकि अधिक ब्याज मिलने पर छोटे निवेशक बैंक में अपना पैसा जमा करें और उसका इस्तेमाल उधारी देने में किया जा सके। रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में बढ़ोतरी के बाद बैंकों ने बचत, आवर्ती और मियादी जमा दर को बढ़ाना शुरू कर दिया है। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी होता है, क्योंकि जमा और उधारी दर के बीच के अंतर में एक निश्चित फासला हो। बैंक, जमा पर ग्राहकों को ब्याज देता है, जबकि उधारी पर उनसे ब्याज लेता है। इसलिए जमा और उधारी दर और जमा या उधारी की अवधि के बीच बैंकों को संतुलन बनाकर रखना होता है, ताकि ब्याज दर या जमा या उधारी की अवधि में ज्यादा अंतर न हो और उसकी वजह से बैंकों के समक्ष परिचालन संबंधी जोखिम खड़ा न हो। वैश्विक महामारी और बाजार में मौजूद व्यवधानों के बीच, भारतीय निवेशकों ने वित्त वर्ष 2021 में 1.42 करोड़ नए डीमैट खाते खोले, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। 31 मार्च, 2022 तक भारत में सक्रिय डीमैट खातों की संख्या 8.97 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2021 की तुलना में तिरसठ फीसद अधिक है। नए डीमैट खाते खोलने वालों में छोटे निवेशकों की संख्या ज्यादा है, जो यह दर्शाता है कि छोटे निवेशक अब बैंक की जगह शेयर बाजार में निवेश करने लगे हैं। निवेशकों की जमा प्रवृत्ति में बदलाव का कारण बैंकों की जमा दरों में कमी आना और कुछ सहकारी और निजी बैंकों का विगत वर्षों में गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना है। बैंक में मियादी जमा सबसे सुरक्षित विकल्प माना जाता है, लेकिन पिछले सालों में निवेशकों का भरोसा बैंक पर कम हुआ है। हालांकि ग्राहकों के मन में दुबारा बैंकों के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए सरकार ने डिपाजिट इंश्योरेंस की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए कर दिया है। डिपाजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन एक्ट 1961 की धारा 16 (1) के तहत प्रत्येक जमाकर्ता के अधिकतम पांच लाख रुपए तक की जमा राशि पर बीमा कवर मिलता है। यह सुरक्षा केंद्रीय बैंक की सहायक डिपाजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन (डीआइसीजीसी) द्वारा दी जाती है। यानी अगर किसी वजह से कोई बैंक डूब जाए, दिवालिया हो जाए या बैंक का लाइसेंस रद्द हो जाए तो उस स्थिति में प्रत्येक जमाकर्ता को उस बैंक में जमा पांच लाख रुपए तक की राशि का भुगतान किया जाएगा।

जमाकर्ता को, जो अधिकतम पांच लाख रुपए का बीमा कवर मिलता है, उसमें मूलधन के साथ-साथ उस पर मिलने वाला ब्याज भी शामिल होता है। अगर ग्राहक के किसी एक बैंक की अलग-अलग शाखाओं में पैसे जमा हैं तो सभी शाखाओं में जमा धनराशि को जोड़ दिया जाता है और अधिकतम पांच लाख रुपए की जमा राशि पर बीमा कवर का फायदा मिलता है। ताजा मौद्रिक समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने अपने पुराने रुख पर कायम रहते हुए वित्त वर्ष 2023 के लिए मुद्रास्फीति के 6.7 फीसद पर रहने का अनुमान जताया है, जबकि मुद्रास्फीति की सहनशीलता सीमा पांच से छह फीसद के बीच है। इसलिए, रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत दरों में और भी बढ़ोतरी कर सकता है। रेपो दर में वृद्धि के बाद महंगाई को नियंत्रित करने के लिए बैंकों ने उधारी दरों में वृद्धि की है, लेकिन उस अनुपात में जमा दरों में इजाफा नहीं किया है।

शहीद स्तंभ पर पीपल के पेड़ के साथ उगी खास, जिम्मेदार हैं मौन

प्रखर सिरकोनी जौनपुर। शहीद स्तंभ एक ऐसी जगह जहां पर हम लोग शहीदों को याद कर सकते है इस नाम को सुनते ही हमारे दिलो दिमाग में हर उन शहीदों की याद तरोताजा हो जाता है जो देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी।जरा सोचिए उनकी याद में बना शहीद स्तंभ की स्थिति अगर जीर्ण शीर्ण हो या शहीद स्तंभ पर पीपल का पेड़ उगा हो और शहीद परिसर में गंदगी के साथ खास उगे हो तो क्या कहेंगे आप इसे इस देश का दुर्भाग्य कहे या कुछ और कहे। हम बात कर रहे है सिरकोनी विकास खण्ड के हौज गांव में स्थित शहीद स्मारक की जहा शहीद स्तंभ पर लगी कुछ टाइल्स उखने के कगार पर है और उस पर पीपल के पेड़ के साथ साथ खास उग चुकी वही शहीद स्तंभ परिसर में खास समेत जगह जगह गंदगी देखने को मिल रही है।शहीद स्मारक की



स्थिति देख हैरानी होती है कि जिन्होंने अपने प्राणों की आहूती देकर देश को आजाद कराया उनकी याद में बना शहीद स्तंभ को अपने ही दुर्दशा पर आशु बहाना पड़ रहा है जबकि जिला मुख्यालय से लगभग दस से पंद्रह किलोमीटर पर स्थित है बाबजूद इसके भी शहीद स्मारक की देखभाल को नजरंदाज किया जा रहा है जबकि आजादी की लड़ाई में अपना योगदान देने वाले शुरवीरो की याद में सन 1986 मे शहीद स्मारक व स्तंभ का निर्माण कराया गया था। बता दे कि 1857 की गदर क्रांति में हौज गांव के क्रांतकारिओ ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया हौज गांव के जमींदार बालदत्त ने एक यूवाओ की टोली तैयार कर ली। पांच जून 1857 को पता चला कि जौनपुर के सभी अंग्रेज अफसर अपने सुपरवाइजर के नेतृत्व में वाराणसी जा रहे है।बालदत्त अपने करीब सैकड़ों साथियों के साथ उन्हें रास्ते में घेरकर सभी अंग्रेजो को मौत के घाट उतार शव को वही दफन कर दिए।इसका पता जब अंग्रेजी हुकूमत को चला तो सभी के खिलाफ मुकदमा चलाया गया इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगो की गवाही पर 16 लोगो को फांसी सजा सुना कर फांसी दी गई जबकि बालदत्त को काला पानी की सजा सुनाई गई सजा के दौरान उनकी मौत हो गई।

हलाल सख्ती विरोधी परिषद में हलाल जिहाद? इस ग्रंथ का लोकार्पण !

12 और 13 नवंबर को मुंबई में होनेवाली हलाल परिषद का विरोध करने का एकत्रित प्रस्ताव !

हलाल प्रमाणपत्र आज के काल का जिजिया कर ही है । आज संपूर्ण संसार में हलाल अर्थव्यवस्था फैली है । मुसलमान हलाल मान्यतावाले उत्पादनों का आग्रह कर रहे हैं । इसलिए हिन्दू व्यापारी और उद्योगपतियों पर हलाल की सख्ती की जा रही है । सरकार का प्रमाणपत्र होते हुए भी इस प्रकार हलाल की सख्ती करना हिन्दुओं का संवैधानिक अधिकार नकारने के समान है । हलाल केवल मुसलमान कर सकते हैं । इसलिए उसके द्वारा एक प्रकार से बहुसंख्यक हिन्दुओं का ही बहिष्कार किया जा रहा है । अतः अब हिन्दुओं को ही संगठित होकर इस हलाल अर्थव्यवस्था को झटका देना चाहिए, ऐसा आवाहन 'हलाल जिहाद ? ग्रंथ के संकलक और हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे ने किया । वे दादर, मुंबई में स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक में आयोजित हलाल सख्ती विरोधी परिषद में बोल रहे थे । इस परिषद में 12 और 13 नवंबर को मुंबई में होनेवाली हलाल परिषद का विरोध करने का एकत्रित प्रस्ताव पारित किया गया । इस अवसर पर श्री. रमेश शिंदे द्वारा संकलित हलाल जिहाद ? ग्रंथ का लोकार्पण किया गया ।

हलाल रोकने के लिए हिन्दुओं की कृति समिति बनाकर हलाल प्रमाणपत्र सख्ती का विरोध करें !- रणजित सावरकर, कार्याध्यक्ष, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक

अकबर के समय से लव जिहाद चल रहा है । अब हलाल जिहाद प्रारंभ हो गया है । हलाल प्रमाणपत्र के माध्यम से मिलनेवाले धन से जिहादी संगठन भारत सहित संसार पर राज्य करने का षड्यंत्र रच रहे हैं । इसलिए हलाल प्रमाणपत्र सख्ती का बहिष्कार करना प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है । हिन्दुओं को कृष्णनीति अपनाकर हलाल अर्थव्यवस्था का आर्थिक बहिष्कार करना चाहिए । हलाल रोकने के लिए हिन्दुओं की कृति समिति बनाकर हलाल प्रमाणपत्र सख्ती का तीव्र विरोध करें ।

हलाल अर्थव्यवस्था का विरोध करने के लिए मनसे तैयार ! - यशवंत किल्लेदार, उपाध्यक्ष, मनसे

हलाल मुसलमानों तक मर्यादित होना चाहिए, उसकी हिन्दुओं पर सख्ती क्यों ? हलाल प्रमाणपत्र सख्ती के पीछे जो षड्यंत्र चल रहा है । उसे अब झटका देने का समय आ गया है । हलाल अर्थव्यवस्था का विरोध करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सदैव तैयार है । हमारे नेता राजसाहब ठाकरे हलाल के विरोध में हिन्दुओं के समर्थन में खडे रहेंगे।

इस समय भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और भूतपूर्व सांसद डॉ. विजय सोनकर शास्त्रीजी ने कहा कि, हलाल पद्धति केवल मांस काटने तक मर्यादित नहीं रह गई है । आज सभी क्षेत्रों में हलाल अर्थव्यवस्था ने प्रवेश किया है । हलाल जिहाद हिन्दुओं के विरुद्ध बडा षड्यंत्र है । दिल्ली के उपहारगृह मांस झटका है कि हलाल है, यह ग्राहकों को स्पष्ट रूप से दिखाएं, ऐसा वहां की महानगरपालिका के भाजपा प्रशासन ने अनिवार्य किया है ।

वसई (मेधे) स्थित परशुराम तपोवन आश्रम के संस्थापक भार्गवश्री बी.पी. सचिनवाला ने कहा कि, हिन्दुओं को स्वयं में विद्यमान भगवान परशुराम को जगाकर सनातन धर्म का प्रचार और प्रसार करना चाहिए । ऐसा करने से सर्व प्रकार के हलाल जिहाद सहित सभी जिहाद अपनेआप नष्ट हो जाएंगे । अखिल भारतीय वीरशैव लिंगायत महासंघ के कार्याध्यक्ष डॉ. विजय जंगम ने कहा कि, हलाल के पीछे बहुत बडा षड्यंत्र चल रहा है । इसे रोकने के लिए हमें त्रिशूल प्रमाणपत्र देने की सरकार अनुमति दे ।

अखिल भारतीय खटिक समाज के महाराष्ट्र प्रभारी श्री. विवेक घोलप ने कहा कि, हलाल के कारण हिन्दू खटिकों पर बेरोजगारी का संकट आ गया है । हिन्दुओं को हलाल के स्थान पर झटका पद्धति का मांस लेने का आग्रह करना चाहिए । झटका महासंघ के श्री. संतोषकुमार गुप्ता ने आवाहन किया है कि हलाल जिहाद का विरोध करने के लिए हिन्दू झटका पद्धति का मांस लें । हिन्दुओं को अपनी शक्ति और संगठन बढाना चाहिए, तब ही हम हलालरूपी षड्यंत्र समाप्त कर सकते हैं, ऐसा मत महाराष्ट्र राज्य सराफ और सुवर्णकार फेडरेशन के अध्यक्ष श्री. मोतीलाल जैन ने व्यक्त किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ अभिनेता श्री. शरद पोंक्षे, प्रसिद्ध व्याख्याता और पत्रकार श्री. पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, सुप्रसिद्ध लेखक और प्रवचनकार डॉ. सच्चिदानंद शेवडे आदि मान्यवरों ने व्यक्त किए हुए विषयों का वीडियो इस कार्यक्रम में प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने हलाल अर्थव्यवस्था का विरोध करने का आवाहन किया है । इस हलाल सख्ती विरोधी परिषद में संगठित होकर हलाल अर्थव्यवस्था को झटका देने का निश्चय व्यक्त करते हुए विविध प्रस्ताव पारित किए गए । संपूर्ण वंदे मातरम् से इस कार्यक्रम का समापन हुआ ।

खेत में बने गड्ढे में डूबने से युवती की मौत, एक घायल

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के हिसामपुर गांव में सोमवार की सुबह खेत में बने गड्ढे में डूबने से एक युवती की मौके पर मौत हो गई वही दूसरी युवती को ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया युवती गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुटी।गौरतलब हो कि आंचल विश्वकर्मा 17 वर्ष पुत्री रामबली विश्वकर्मा व पायल विश्वकर्मा 15 वर्ष पुत्री घनश्याम विश्वकर्मा निवासी मढ़ी दोनो चचेरी बहन थी सोमवार की सुबह हिसामपुर मढ़ी रोड के पास अपने खेत में लगी धान की फसल देखने गई थी कि कई महीनो से खेत में खोदे गये गड्ढे में आंचल का पैर फिसल गया और गड्ढे में जा गिरी बहन को गड्ढे में डूबते देख पायल भी गड्ढे छलांग लगा दी हालांकि गड्ढे की गहराई काफी ज्यादा होने की वजय से दोनो डूबने लगे चीखने चिल्लाने की आवाज सुन राजगीरो ने दोनो युवतियों को बचाने का प्रयास किया गया परंतु पायल को ही बचाने में लोग रहे कामियाब मौके पर ही आंचल की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में आग की तरह फैल गई रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने घर मढ़ी लेकर आये।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गई ग्रामीणों का आरोप है कि गैस पाइप लाइन के लिए कई महीनो से 15 से 20 फूट गड्ढे खोदकर लोग गायब हो गए है अब आलम यह है कि यह गड्ढा दुर्घटना का पर्याय बन चुका है अगर जल्द से जल्द यही पाटा नहीं गया तो आने वाले दिनों में और कई घटनाएं होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।इस बाबत थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बात की गई तो उन्होंने बताया कि खेत में गड्ढा था उसी में युवती के डूबने से मृत्यु हो गई है फिलहाल पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्मार्टम आने के बाद मृत्यु का कारण पता चल सकता है। गैस पाइप लाइन व उसकी गहराई को लेकर बात की गई तो उन्होंने बताया कि गड्ढा एक डेढ़ मीटर गहरा था किस लिए किया गया था इसके विषय में जानकारी नही है।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना प्रकट किया

प्रखर रामनगर वाराणसी। पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव नेताजी के निधन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रामनगर में शोक संवेदना प्रकट किया गया। जिसमें मुख्य रुप से इश्तियाक अहमद रामकुमार यादव राजू आशीष राय उमेश सोनकर कमलेश यादव सुरेश यादव चिंटू कुमार मनोहर यादव हंसराज यादव अजय मौर्य मंगल मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

संत-महापुरुषों ने दिया भारतीय संस्कृति व समाज में अहम योगदान : अरुण कुमार सिंह

प्रखर जखनियां गाजीपुर। मनिहारी विकासखंड के नसीरपुर हंसराजपुर ठाकुर धाम कुटिया के ब्रम्हलीन महन्त श्री श्री 1008 अर्जुन पुरी जी महाराज की मूर्ति का स्थापना आज सोमवार काशी के विद्यान ब्राम्हणो के मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में किया गया। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के युग में मनुष्य ने कितनी भी उन्नति क्यों न कर ली हो परंतु मानवीय संवेदनाओं, भावनाओं, भाईचारे और मानवता बचाए रखने के लिए हमारे संतों महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति और समाज को अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कि संत समाज की धरोहर होते हैं, वह किसी एक जाति व समुदाय के नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए अपना संदेश देते हैं। समाजसेवी पंकज दुबे ने कहा कि संतों ने समाज को जो संदेश दिया वह सदा अमर रहेगा, आने वाली पीढ़ी को भी संतों के संदेशों का अनुसरण करके आगे बढ़ना चाहिए इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र सिंह प्रधान, त्रिभुवन सिंह, गोपाल पांडेय, बृजेश सिंह,सिद्धांत सिंह,अजय सिंह, राकेश सिंह अंशु,प्रधान ज्ञानेन्द्र गुप्ता बबलू,कर्मबीर सिंह सोनू, सकलदीप गुप्ता,संदीप सिंह मिंटू,भोला ठाकुर,अवधेश कुमार, कृष्णानंद तिवारी, रतनदेव सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता महेशपुरी जी महाराज एवं संचालन राजेश जायसवाल ने किया।अंत में ठाकुर धाम कुटिया के महन्त लव-कुश पुरी जी महाराज ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

59 महादानियों ने रक्तदान कर कुशीनगर जनपद में बनाया कीर्तिमान

प्रखर कुशीनगर। जनपद के रक्तकोष में रक्त की निरंतरता बनी रहे इस निमित्त नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा अपनी स्थापना दिवस पर सोमवार को बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था सदस्यों के साथ साथ कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ के सहभागिता दर्ज कराई और रक्तदान का नया कीर्तिमान बनाया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सिद्धार्थ पांडेय ने फीता काटकर किया और कहा कि जीवन में कुछ कार्य अत्यंत पवित्र माने जाते है, रक्तदान भी उनमें से एक है क्योंकि इसका सीधा संबंध किसी व्यक्ति के जीवन से है। उन्होंने आगे कहा कि जो भी व्यक्ति रक्तदान हेतु सक्षम हैं उन्हें मानवता की रक्षा के लिए नियमित रक्तदान करना चाहिए। शिविर में रक्तदान के साथ निःशुल्क रक्त ग्रुप का परीक्षण भी किया गया। रक्तदान हेतु 105 ने पंजीकरण कराया जिसमें चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात 59 ने रक्तदान किया और कुशीनगर जनपद की ब्लड बैंक टीम द्वारा कलेक्शन का एक नया कीर्तिमान बनाया। इन महादानियों में पूर्व प्राचार्य डॉ0 अमृतांशु शुक्ल, संस्था अध्यक्ष डॉ सीमा त्रिपाठी, संजीव द्विवेदी, काजल राय, हरिशंकर सिंह, साधना शुक्ला, अर्चना कुशवाहा, डॉ0 गौरव तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, विवेक यादव, अनूप कुमार, राज किशोर, विनीत शुक्ल, लाडली खातून, रोहित जायसवाल, आदित्य दुबे, कृष्णा पांडेय, अविनाश शुक्ल, राजेश शुक्ल, डा0 लाल बाबू सिंह, कृष्णमोहन, हरीन्द्र चौरसिया, विवेक कुमार, अतुल पाठक, सन्नी जायसवाल, नीतीश गोंड़, अभिशांक शर्मा, डॉ0 इंद्रजीत मिश्र, मनीष चौधरी, स्नेहा यादव, रंजीत राय, अमित राव, कुश कुमार, मनीष कुमार सिंह, महादेव गुप्त, डॉ0 अर्जुन सोनकर, संजय प्रताप राव, दीक्षा सिंह, डॉ0 अनिल सोनी, अंजनी नंदन सिंह, नागेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, फखीरुद्दीन, आकांक्षा जायसवाल, वीके साहू, मोहित जायसवाल, अमित प्रजापति, नीरज यादव, हरिश्चन्द्र मिश्र, आदित्य राव, निशांत मिश्र, आशुतोष मिश्र, प्रकाम्य चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इन्द्र कुमार मिश्र, शिविर संयोजक डॉ0 निगम मौर्य, संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि सम्मिलित रहे। रक्त संग्रह का कार्य कुशीनगर एवं गोरखपुर रक्तकोष की टीम द्वारा किया गया। जिसमें दिग्विज सिंह, आनंद कुमार, दिलीप उपाध्याय, क्षमा मिश्रा, नीतीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, इश्तियाक, राकेश मिश्र, घनश्याम पांडेय, विवेक सिंह, अशोक गुप्त नवीन इत्यादि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संरक्षक डॉ0 दयाशंकर तिवारी, आगन्तुकों का स्वागत अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी, आभार शिविर संयोजक डॉ0 निगम मौर्य एवं संचालन सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र द्वारा किया गया। शिविर को सत्य प्रकाश राव के माध्यम से एचडीएफसी का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी की बैठक हुई सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रेडक्रास सोसाईटी सेवा भाव से बनी होती है और उसमे जो भी सदस्य होते है वे समाज मे बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए इस संस्था से जुडते है। जनपद में इसे पुनर्जीवित करने एवं समाज मे अच्छा से अच्छा कार्य हो, जिसे हेतु संस्था मे उजार्वान लोगो को सम्मिलित किया जाये, अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार किया जाये एवं कुछ अन्य कार्य जैसे की ह्यह्यनेकी की दिवार जो पूर्व मे बनी हुई है को और व्यवस्थित रूप देकर उसे संचालित करने का कार्य जिससे जरूरत मंद लोगो को पुराने कपड़े उपलब्ध हो सके, दिव्यांग बच्चो को कैम्प लगाकर जैकेट का वितरण एंव स्कूलो में हाईजीन का प्रमोट करने के लिए साबुन का वितरण एवं अन्य विषयो पर चर्चा की गयी। यह सब बाते आज दिनांक 10.10.2022 दिन सोमवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी की बैठक जिला पंचायत सभागार मे जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सदस्यों का परिचय प्राप्त करने के उपरान्त पिछली बैठक के एजेण्डा विन्दू की समीक्षा एंव क्या-क्या निर्णय लिए गये है की जानकारी ली। पिछली बैठक की कार्यवाही की कार्यवृत्ती उलब्ध न होने का कारण पूछनें पर बताया गया कि संस्था में नियुक्त सचिव का आवास जनपद से बाहर होने के कारण उनका आगमन कम होता है, जिससे कार्य प्रभावित होता है, जिसपर जिलाधिकारी ने उजार्वान व्यक्ति को रेडक्रास सोसाईटी का सचिव बनाने को कहा। क्योकि सचिव जब एक्टिव नही रहेगे तो कार्य प्रभावित ही होगां। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने रेडक्रास सोसाईटी के द्वारा टी बी के मरीज को गोद लेने तथा पोर्टल पर फीड कराने को कहा। अध्यक्ष महोदया ने यह भी कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के उद्देश्य को आम जन मे प्रचार-प्रसार, पंपलेट के माध्यम से बताया जाए जिससे की रेड क्रॉस सोसाइटी में कार्य सुचारू रूप से हो सके।

आज के इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज आनन्द मिश्रा, रेडक्रास सोसाईटी से सरदार दर्शन सिंह, रवि कांत राय एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण विकास खंड सदर के यूनियन ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में गंगा दूतों ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं लोगों को मां गंगा के प्रति कैसे जागरूक करना है आदि विषयो पर प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। जिला पंचायत सदस्य शैलेश राम ने कहा कि गंगा सिर्फ नदी नही है बल्कि भारत की जीवन रेखा है। हम सभी को भाग्य से मां गंगा का सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हम सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान ग्राम प्रधान अवधेश यादव ने कहा कि गंगा हमारी जमीन को उपजाऊ बनाती हैं, हम सभी मां गंगा से प्राप्त करते ही आ रहे है। आज गंगा में प्रदुषण बढ़ गया है। इसे समाप्त करने के लिए हम सभी को श्रमदान करना होगा। समाजसेवी सरोज राय ने भी गंगा जल के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रेम सागर, सुभाष चन्द्र प्रसाद, निदेशक आरसेटी अजीत प्रसाद, गौतम, गोविंद यादव, पारस नाथ, कन्हैया राम आदि लोग उपस्थित रहे। सभी का स्वागत जिला युवा अधिकारी कपिल देव राम ने किया एवं आभार जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रकट किया।

गोरखपुर में स्थित बान पोखर मंदिर परिसर में भोजपुरी फिल्म की शूटिंग का हुआ शुभारंभ

प्रखर गोरखपुर। योगी सरकार ने घोषणा कर रखा है की पूर्वांचल में हिंदी और भोजपुरी फिल्मों को बनाने में सहूलियतें मिलेंगी, उसी क्रम में फिल्म बनाने वालों का भी फोकस गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में होता दिख रहा है। गोरखपुर महानगर के पूर्वी छोर पर स्थित बान पोखर देवी के मंदिर में रविवार को निमार्ता समर राज और फिल्म के निर्देशक पंकज सिन्हा ने भोजपुरी फिल्म "प्रेम की पुजारिन" के मुहूर्त का शुभारंभ उत्तर प्रदेश गोरखपुर के बान पोखरी मंदिर परिसर में नारियल तोड़कर किया गया.इस फिल्म का निर्माण समरसी फिल्मस मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले हो रहा है.इस फिल्म की कहानी पूरी तरह से सामाजिक और पारिवारिक पर आधारित है फिल्म की पूरी शूटिंग गोरखपुर के आसपास सुंदरदृश्य पर की जाएगी इस फिल्म के निमार्ता समर राज और इस फिल्म के निर्देशक पंकज सिन्हा ने मीडिया से बातचीत कतरते हुए बताया कि धीरे-धीरे गोरखपुर फिल्मों की शूटिंग का हब बनता जा रहा है. यह अच्छी बात है.उन्होंने कहा कि यहां की आबो-हवा व सुंदरता फिल्मकारों को लुभा रही है, यह अच्छी बात है. यहां नए-नए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं. कलाकारों को काम के लिए मुम्बई या अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़ रहा है.भोजपुरी फिल्म में यामनी सिंह और फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव मुख्य कलाकार हैं. फिल्म के निमार्ता समर राज, निर्देशक पंकज सिन्हा हैं. इसके अलावा विलेन की भूमिका निभाने वाले विवेक सिंह उर्फ बिल्ला,कैमरामैन आर आर प्रिंस,विनोद मिश्रा,अजय कुमार मिंटू,संजय,महानंद,मुकेश,ऋषि रक्षा गुप्ता,निशा तिवारी,प्रोडक्शन हेड अखिलेश राय,पी आर ओ संजय पुजारी आदि लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका द्वारा किया गया 23 लाख की लागत से निर्मित सड़क व नाली का लोकार्पण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा इन्द्रपुरी कालोनी में बनाए गए सड़क का लोकार्पण मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा गाजीपुर के संयोजक व प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्ण बिहारी राय एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि जिस प्रकार से पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व उनके पति विनोद अग्रवाल द्वारा अपने सभी सभासदों के सहयोग से भेदभाव, क्षेत्रवाद एवं जातिवाद से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर नगर का बहुमुखी विकास किया है वह एक अद्भुत मिसाल है। जिस प्रकार से पालिका अध्यक्ष योजनाबद्ध तरीके से नगर के विकास का मानक तय करती है एवं इस बात

का विशेष ध्यान रखती हैं कि कौन सी सड़क बननी सबसे आवश्यक है, उसको प्राथमिकता के आधार पर काम कराती है, ऐसी सोच बेहद प्रशंसनीय है। प्रत्येक क्षेत्र में विकास के लिए दिन-रात प्रयास करते रहते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि नगर पालिका नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के आपूर्ति हेतु लगातार प्रयास कर रही है एवं कृत संकल्पित भी है। पानी, सफाई, रोशनी, सड़क एवं सभी चीजों को बेहतर करने का प्रयास किया गया है एवं आमजनता से सहयोग की भी कामना करती हूँ। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि वार्ड नं0 6 के इन्द्रपुरी कालोनी में अर्बन बैक से अंगद राय, सुधीर प्रधान के मकान से केशव राय के मकान होते हुए आबकारी कार्यलय के सामने तक इण्टरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली का निर्माण लगभग 23 लाख की लागत से किया गया है, जो आज आमजन की सुविधा हेतु लोकार्पित किया गया है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सीएमओ की अध्यक्षता में गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जो प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे देश में मनाया जाता है। इसी को लेकर आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन सीएमओ डॉक्टर गोविंद सिंह की अध्यक्षता में किया गया और इस अवसर पर लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना है और अन्य को करना है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सीएमओ डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया की हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने मिलकर वर्ष 1992 में 10 अक्टूबर के दिन वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे सेलिब्रेट करने की घोषणा की थी। उसके बाद से यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मेंटल हेल्थ के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद स्टिग्मा को कम करना भी है। हर साल इसे एक खास थीम के तहत सेलिब्रेट किया जाता है। इस वर्ष डब्लूएचओ ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे 2022 की थीम मेकिंग मेंटल हेल्थ एंड वेल-बीइंग फॉर ऑल ए ग्लोबल प्राइयॉरिटी रखी है। उन्होंने बताया की हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। लेकिन अभी भी ज्यादातर लोग इसपर ध्यान नहीं देते। फिजिकल और मेंटल हेल्थ एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। किसी भी एक पहलू को नजरअंदाज करना दूसरे पहलू को नकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। बड़े-बूढ़े से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। तो इस प्रॉब्लम को छिपाने की जगह उस पर ध्यान देने की जरूरत है। वरना आने वाले समय में स्थिति और बिगड़ सकती है। इस कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. उमेश कुमार, डॉक्टर संजय कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉक्टर विनय शंकर, डॉ. नवीन कुमार सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण के कामायनी दुबे, रवि शंकर चौरसिया के साथ ही अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

विसर्जन के दौरान गोली मारकर हत्या करने वाले 03 अभियुक्त को पिस्टल के साथ एसओजी टीम के सहयोग से शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया

प्रखर गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र 7 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान विकास को गोली मार दिया गया था जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया डॉक्टरों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था लखनऊ ले जाते समय बाराबंकी के पास विकास की मृत्यु हो गई थी घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को एसओजी टीम व शाहपुर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को पंकज त्रिपाठी पुत्र नर्वदेश्वर त्रिपाठी निवासी राजनगर कालोनी आस्था अस्पताल के सामने थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर शिव निषाद उर्फ लकी पुत्र पल्टू निषाद निवासी हरसेवकपुर नं0 01 शिव मन्दिर टोला थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर शिवेश दत्त त्रिपाठी पुत्र राकेश कुमार त्रिपाठी ग्राम करही पोस्ट बरही थाना झंगहा जनपद गोरखपुर हाल पता 1281F न्यू कालोनी सिंघड़िया कूड़ाघाट थाना कैंट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से आलाकत्ल 32 बोर पिस्टल अभियुक्त शिव निषाद उर्फ लकी द्वारा फायर करना तथा असलहे को अभियुक्त शिवेश दत्त त्रिपाठी को देना तथा अभियुक्त शिवेश दत्त त्रिपाठी द्वारा असलहे को छिपा देना व पकडे जाने पर उसके निशानदेही पर आलाकत्ल पिस्टल का बरामद होना जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 550/2022 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ। मृतक विकास तिवारी पुत्र रविन्द्र नाथ तिवारी निवासी ग्राम तिलौली उर्फ डेहरी थाना खुखुन्दु जनपद देवरिया हाल पता म0नं0- एहर 482,83 राप्तीनगर फेज 4 थाना शाहपुर गोरखपुर 07 अक्टूबर 2022 को ट्रेंड्स असुरन के पास मेला देखने गया था कि विपक्षीगणों द्वारा एक साजिस के तहत एक राय होकर जान से मारने की नीयत से गाली देते हुए ललकारते हुए तीन राउंड फायर कर गोली मार दिया जिससे मृतक गम्भीर रुप से घायल हो गया जिसे बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाने पर स्थिति गम्भीर होने पर वहां के डाक्टरो द्वारा रेफर कर दिया गया इलाज के लिये मेदान्ता हास्पिटल लखनऊ ले जाने पर रास्ते में मृत्यु हो गया मृतक के पिता रविन्द्र नाथ तिवारी द्वारा थाना शाहपुर पर प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा लिखवाया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने हत्या में सम्मिलित के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई को लगाया था पुलिस अधीक्षक नगर ने क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर वह घटना में संलिप्त अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था जिसके फलस्वरूप हत्या में संलिप्त तीन अभियुक्तों को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया।विवेचना से प्रकाश में आया कि मृतक विकास तिवारी एवं पंकज त्रिपाठी में चार पांच महीनो से पैसो के हिसाब को लेकर काफी मन मुटाव हुआ था । विकास तिवारी द्वारा अभियुक्त पंकज त्रिपाठी को सार्वजनिक रुप से अशब्द बोले गये थे इसी बीच जुलूस के दौरान लकी निषाद से विकास का झगड़ हो गया था इस बात को लकी ने पंकज से बतायी, पंकज ने लकी को उकसा दिया कि विकास तिवारी मुझे भी बेइज्जत किया है तुम इसे देख लो और पंकज के साजिस के तहत उकसाने पर लकी ने गोली मार दी तथा वहां मौजूद शिवेश दत्त त्रिपाठी द्वारा हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को ले करके छिपा दिया गया।

गुआ कॉमन हॉल में आयोजित हुआ मनोविज्ञानिक चिकित्सा परामर्श

प्रखर गोरखपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गोरखपुर विश्वविद्यालय महिला कल्याण समिति एवं स्वस्ति मनोविज्ञान परामर्श केन्द्र मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में साइकोलॉजिकल हिलींग क्लिनिक आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो विद्यार्थियों, अध्यापकों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अधिष्ठाता कला संकाय प्रो नंदिता आई पी सिंह ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय महिला कल्याण समिति एवं स्वस्ति मनोविज्ञान परामर्श केन्द्र मनोविज्ञान विभाग द्वारा यह एक सराहनीय पहल है जिसके द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से सर्वांगीण कल्याण हो सकता है। उन्होंने बताया कि अक्सर समाज मे मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार के भेदभाव होते रहते हैं, हमें किसी से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने तथा समाज मे जागरूकता फैला कर समाज मे हो रहे मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार के भेदभाव को रोका जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अनुभूति दुबे ने कहा कि व्यक्ति में मानसिक स्वास्थ्य का सम्बर्धन बहुत जरूरी है, जिसके लिए व्यक्ति को अपने बीते हुए समय के बारे में सकारात्मक सोचना चाहिए अथवा सदैव सकारात्मक सोच बनाये रखना चाहिए तथा, अगर अपने नकारात्मक विचाओ पर नियंत्रण न हो पा रहा हो तो मनोविज्ञानिक परामर्श चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। कार्यक्रम की संचालन कर रही गोरखपुर विश्वविद्यालय महिला कल्याण समिति की सचिव प्रो सुनीता मुर्मू ने बताया की हमे मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है तथा आवश्यकता अनुसार हमे परामर्श लेने में कोई बुराई नहीं है। कार्यक्रम का उद्घघाटन अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. नंदिता आई पी सिंह कार्यक्रम का संचालन प्रो सुनीता मुर्मू तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो धन्नजय कुमार ने किया। इस दौरान प्रो. शोभा गौड़, प्रो. दिव्य रानी सिंह, प्रो विना बत्रा कुशवाहा, प्रो. संगीता पाण्डेय प्रो. उषा सिंह, प्रो. सुधा यादव, प्रो. उमेश नाथ त्रिपाठी रहीं।

जौनपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ 25 हजार के इनामी बदमाश को लगी गोली

प्रखर जौनपुर। सरपतहां थानांतर्गत सुल्तानपुर घुघुरी गांव निवासी 25 हजार का इनामिया शातिर गो-तस्कर उमेश चंद्र यादव उर्फ पप्पू रविवार आधी रात बाद हुसेनाबाद तिराहे के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके ऊपर पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में दर्जनों गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। बाराबंकी पुलिस ने उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है। पुलिस के अनुसार आरोपित गो तस्कर की लंबे समय से पुलिस तलाश कर रही थी। फरारी के दौरान ही आरोपित अपराध के कार्यों में लिप्त था। लेकिन जानकारी होने के बाद पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई और शिनाख्त होने के बाद उसे गिरफ्तार करने की कोशिश के दौरान जवाबी फायरिंग के दौरान आरोपित को दबोचने में पुलिस को सफलता मिल गई। थानाध्यक्ष सरपतहां संजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज सदानंद राय मय पुलिसबल हुसेनाबाद तिराहे पर सरकारी ट्यूबवेल के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी बीच एक बाइक सवार आते हुए दिखाई पड़ा। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह टीम पर फायर करते हुए भागने लगा। गो-तस्कर द्वारा चलाई गई गोली थानाध्यक्ष सरपतहां संजय सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक शाहगंज सदानंद राय व चौकी प्रभारी बीबीगंज सुरेश सिंह द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में चली गोली भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवार के पैर में लगी और गिर पड़ा। हिरासत में लेकर पड़ताल करने पर उसकी पहचान घुघुरी सुल्तानपुर निवासी शातिर गो- तस्कर उमेश चंद्र यादव उर्फ पप्पू के रूप में हुई, जिसके ऊपर पूर्वांचल के सात जनपदों में डेढ़ दर्जन से ऊपर मुकदमे दर्ज हैं। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी की बाइक समेत एक देशी तमंचा, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी राजकुमार यादव, सलीम खान, आरक्षी सोनू यादव, कृष्ण मुरारी, विकेश चौहान आदि शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

प्रखर पूर्वांचल खबर को रेल विभाग ने लिया संज्ञान

आजमगढ़ वाराणसी हाइवे पर लगाया डोभी स्टेशन का साइन बोर्ड

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के डोभी रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड को लेकर समाजसेवी अजीत सिंह ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मुहिम चलाते हुए आजमगढ़ से वाराणसी राजमार्ग पर क्षेत्रवासीओ की मदद से होर्डिंग लगाना शुरू किया जिसकी खबर शनिवार को तेजस टुडे ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। पूर्वोत्तर रेलवे ने खबर को संज्ञान में लेते हुए शनिवार की शाम होते होते डोभी स्टेशन के दो साइन बोर्ड लगवा दिये गये। जिसकी सूचना मिलते ही अजीत सिंह अपने समर्थकों के साथ लगे साइन बोर्ड पर पहुंच पूर्वोत्तर रेलवे का आभार प्रकट करते हुए क्षेत्रवासियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि यह जीत क्षेत्रवासियों की जीत है।मीडिया से बात करते हुए अजीत सिंह ने बताया कि हम लोगो ने रेलवे के मुनाफे को लेकर जो मुहिम चलाई वह कामियाब रही रेलवे ने तो अपना साइन बोर्ड लगा दिया अभी एनएच वे पर डोभी स्टेशन का साइन बोर्ड नही लगा है जिसको लेकर बहुत जल्द ही जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात कर एनएच वे पर डोभी स्टेशन का साइन बोर्ड लगाने को लेकर पत्रक सौपा जायेगा अगर मांग पूरी नहीं की गई तो एक बार फिर क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मुहिम चलाई जायेगी।क्योंकि यह स्टेशन कई माइनो में खास है इसलिए डोभी स्टेशन के विकास के लिए जो करना होगा उसे किया जायेगा।बता दे कि इसी स्टेशन से होकर स्व मथुरा सिंह,प्रो.बटुक सिंह,प्रो.रामउग्र सिंह, डॉ आर डी सिंह व आचार्य बीरबल सिंह समेत क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां देश ही बल्कि विश्वपटल पर अपना परचम लहराया है अजीत सिंह इस सफलता की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है साथ ही टाली पर राष्ट्रीय ध्वज बाधकर होर्डिंग लगाने वाले सुजीत सिंह,सर्वेश चंद,बजरंगी समेत आदि लोगो की क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर आयोजित की गयीं, शोक सभा

प्रखर खानपुर गाजीपुर। क्षेत्र के इशोपुर स्थित रामकरन इंटर कॉलेज पर पूर्व मुख्यमंत्री सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव 82 वर्ष के निधन पर सोमवार कों शोक सभा आयोजित की गयीं। पूर्व मुख्यमंत्री सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव (82) के निधन की जानकारी होते होते कार्यकर्ताओ व उनके चाहने वालों मे हड़कंप मच गया। वही क्षेत्र के ईशोपुर स्थित रामजीत यादव जेई साहब के आवास पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिनाथ यादव के अध्यक्षता में शोक सभा संपन्न हुई।संचालन शिववचन बैरागी ने किया।स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दर्जनों वक्ताओं ने अपने अंदाज में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य रूप से शिव महाविद्यालय के प्रबंधक भुल्लन सिंह यादव सदस्य जिला पंचायत विवेक यादव, सदस्य जिला पंचायत कमलेश यादव राय साहब, प्रबंधक रमेश यादव, प्रबंधक परशुराम यादव,लालजी यादव सहित सैकड़ों ग्रामप्रधान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जमी से आसमां तक जिसका जलवा कायम है जिसने कभी न झुकना सीखा उसका नाम मुलायम है

प्रखर रामनगर वाराणसी। ऐसे इस देश के धरती पुत्र व नेताजी जिनके इरादे लोहा व मन मुलायम हो।ऐसे महामानव का आज सुबह निधन की खबर से पूरा समाजवादी कुनबा मर्माहत, दुःखी एवं निःशब्द है।गरीबो के रहनुमा,पिछड़ो व दलितों के मसीहा,जिनका सपना था रोटी-कपड़ा सस्ती हो,दवाई-पढ़ाई मुफ़्त हो।आठ बार के विधायक, सात बार के सांसद,एक बार विधान परिषद सदस्य एवं तीन बार के मुख्यमंत्री व एक बार रक्षा मंत्री रहे ऐसे शख्स को आज अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देते हुए हम सभी समाजवादियो का मन अत्यंत भावुक है।सभा के अंत मे दो मिनट का मौन रहकर उनकी आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।शोकसभा में पूर्व अध्यक्ष श्री सुजीत सिंह, श्यामलाल यादव, सभासद अशरफ राईन, मणिशंकर शर्मा, पूर्व सभासद जवाहर लाल मौर्य, संजय यादव, कृष्णमोहन यादव, प्रदेश सचिव विवेक कहार जी, डॉ अजीत यादव, मनीष यादव, सूरज सोनकर आदि लोग शामिल रहे।

आभूषण की दुकान से रविवार देर रात चोरो ने लाखों रुपए के गहने उड़ाए

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के बेला पहड़िया मार्ग पर नवापुरा बाजार में एक आभूषण की दुकान से रविवार देर रात चोरो ने नकाब लगाकर लाखो रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को कब्जे में ले लिया है।चोलापुर थाना क्षेत्र नवापुरा बाजार बेला पहाड़िया मार्ग पर स्थित मुनारी निवासी रंजित सेठ की ज्वेलर्स की दुकान है।रविवार रोज की तरह रात को दुकान मालिक दुकान को बंद करके अपने घर चला गया था।सुबह पड़ोसियों से सूचना पर उनको दुकान हुए चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत दुकान पहुंचा सटर उठाया तो दुकान में रखी तिजोरी टूटी हुई थी और दुकान में रखा सारा सामान गायब था।चोर दीवाल के पिछले हिस्से को तोड़कर दुकान के अंदर घुसे थे।दुकान मालिक ने बताया की दुकान में रखे डेढ़ लाख नकद व सोने की चेन मंगल सूत्र समेत करीब लाखो रुपए के गहने चुरा कर फरार हो गए। चोलापुर पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

ट्यूमर मुक्त नन्दिनी का मनाया जन्मदिवस

प्रखर वाराणसी! बेहद कम उम्र की बच्ची नंदिनी के उसकी कमर पर बने ट्यूमर यानी गांठ के कारण अत्यधिक दर्द में जीने और उसके दर्द को उसकी बर्दाश्त करने की क्षमता को पार कर चुकने वाली बालिकाके बारे में पूर्व मे आप सभी को विदित है। ऐसी परिस्थिति में गरीबी व लाचारी और उस बच्ची को हो रहे असह्य दर्द को देखते हुए संस्था- 'Easy Help' (एनजीओ) 'Spine Tumor' से पीड़ित तीन साल की बच्ची 'नंदिनी गुप्ता' का इलाज जनसहयोग से 'आर्थिक मदद' जुटाकर उसका ऑपरेशन करवाया, जो आपलोगों के सहयोग, आशीर्वाद एवम् शुभकामनाओं से सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, उस बच्ची का जीवन भीअन्य सामान्य बच्चों की तरह सामान्य तरीके से जीने का रास्ता खुल गया। बच्ची डॉक्टर्स की देखझरेख में तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रही है। रविवार को नन्दिनी काजन्मदिन था, जिसे शिवपुर, वाराणसी स्थित मानसिक रूप से कमजोर बच्चियों के लिए संचालित निर्मला शिशु भवन में नंदिनी की खुशी में उन मानसिक रूप से कमजोर बच्चियों को शामिल कर मनाया गया!

जानलेवा शिकारियों में से एक बाज के पीछे का विज्ञान

■ ऑक्सफोर्ड (द कन्वरसेशन)।

शाम के समय हजारों चमगादड़ों को उनके बसेरे से निकलते देखना प्रकृति के मनोरम नजारों में से एक है। इनका झुंड इतना घना होता है कि कुछ दूर से देखने पर ऐसा लगता है कि मानो धुआं उठ रहा हो। लेकिन इनका शिकार करने वाले पक्षियों को हवा में मंडराते हुए देखना हैरान करने वाला है।

दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका से मेक्सिको तक फैले विहुआहुआन मरुस्थल के एक दूरस्थ स्थान से इन पक्षियों के व्यवहार का अध्ययन करना जीव विज्ञानी के तौर पर मेरे तकरीबन 25 साल के करियर का सार रहा है। एक दल ने चमगादड़ वैज्ञानिक लॉरा क्लोपर (यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हैम्पशायर) के साथ मिलकर यह अध्ययन किया।

शिकार होने वाले जानवर अक्सर झुंड में सुरक्षित महसूस करते हैं। समूह के साथ आगे बढ़ने से किसी जीव पर हमले का खतरा कम हो जाता है। इससे शिकारी के लिए भी शिकार करना मुश्किल हो जाता है। इसे भ्रम प्रभाव (कन्फ्यूजन इफेक्ट) कहा जाता है। स्वेन्सस बाज मेक्सिकन पूंछ मुक्त चमगादड़ों पर अपनी गुफा से झुंड में निकलने पर हमला करते हैं। चमगादड़ अपनी गुफा से निकलने पर खुले हवाई क्षेत्र के मुकाबले धीरे उड़ते हैं।

साफ देखना : बाज भ्रम प्रभाव से मुक्त क्यों होते हैं जबकि हम मनुष्य झुंड में उन्हें देखते वक्त भ्रमित हो जाते हैं? इस सवाल का जवाब खोजने के लिए बाज की गतिविधियों को कैमरे में कैद किया गया। चमगादड़ की गुफा के मुख पर हाई-डेफिनिशन के वीडियो कैमरे लगाए गए ताकि बाज और चमगादड़ों का 3डी वीडियो बनाया जा सके। टीम ने बाज के हमला करने के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए 2017 में विकसित कम्प्यूटर सिमुलेशन का इस्तेमाल किया।

टीम के पहले के काम ने दिखाया कि बाज के हमला करने का व्यवहार निर्देशित मिसाइल की तरह होता है, जिसमें आनुपातिक नौवहन नामक तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। यह समझने के लिए कि यह कैसे काम करता है, आप अपने आपको हवा में उड़ रहे एक शिकारी के तौर पर कल्पना करें जो अपने शिकार पर नजर रख रहा है। आपका शिकार आपसे बचने की कोशिश कर सकता है। लेकिन अगर आप अपने शिकार की परिधि बदलने की दर की अनुपातिक दर से मुड़ते हैं तो आपको शिकार करने का सबसे अच्छा मौका मिल सकता है।

लेकिन टीम झुंड पर हमला करते हुए जिन बाज के वीडियो बनाए, वे उन चमगादड़ों की व्यक्तिगत गतिविधि से प्रभावित नहीं दिखे जिन्हें उन्होंने शिकार बनाया। वास्तव में बाज लगभग एक गोलाकार चाप के साथ उड़ते हुए झुंड की एक स्थिर परिधि के समीप मुड़ते हैं। बाज किसी चमगादड़ पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय झुंड में एक निश्चित बिंदु की ओर बढ़ते दिखे। फिर भी अपने पंजों में चमगादड़ को पकड़ना आसान नहीं होता। तो बाज झुंड के करीब जाते हुए कैसे चुनते हैं कि किस चमगादड़ को शिकार बनाना है?

टीम ने यह पता लगाने के लिए ग्राफिंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया कि हमलावर की नजर हमले के वक्त कैसे भिन्न होती है। इस विश्लेषण से पता चला कि लक्ष्य की ओर दृष्टि रेखा की दिशा लगभग सभी हमलों के वक्त स्थिर रही। यह उन मामलों में कम से कम भिन्न थी जिसमें एक बार में सफलतापूर्वक शिकार किया गया। हमारे नतीजों से यह समझने में मदद मिलेगी कि कैसे अन्य शिकारी भ्रम प्रभाव से बचते हैं।

हरी धनिया बड़े काम की

डॉ. रजनी पोरवाल
श्रीनाथ चिकित्सालय की कंसलटेंट नेचुरोपैथ

कानपुर (एसएनबी)। हरी धनिया किचन की रानी कही जाती है। इसका स्वाद, महक और पौष्टिक तत्व, पौष्टिकता तथा रोग निवारण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के संदर्भ में श्रीनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय भगवत दास घाट सिविल लाइंस कानपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजनी पोरवाल ने अत्यंत लाभकारी, जनहितकारी जानकारी दी है।

पौष्टिकता का खजाना

हरी धनिया अपनी पौष्टिकता के लिए वैज्ञानिक वर्ग में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। हरी धनिया में भरपूर मात्रा में सीधे एंटी ऑक्सीडेंट, मिनरल्स, विटामिंस विशेषकर विटामिन ए और सी पाया जाता है। अपनी पौष्टिकता व आरोग्यकारी गुणों के कारण आयुर्वेदिक दृष्टि से धनिया शरीर की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है और इसकी तासीर ठंडी है।

नेत्रों के लिए हितकारी

लंबे समय तक बैठकर कम्प्यूटर पर कार्य करना या मोबाइल घंटों तक चलाना आज युवा वर्ग की मजबूरी बन गया है। इसका बहुत गलत असर हमारे शरीर की हड्डियों और उससे जुड़ी हुई मांसपेशियों पर होता है। उसके साथ काफी समय तक कम्प्यूटर की स्क्रीन पर आंखें गड़ाए काम करते रहने से आंखें थकती हैं। आंखों की मांसपेशियां व लेंस कमजोर हो जाते हैं, आंखों से कड़ुआ पानी आने लगता है, आंखों में मिर्ची जैसी जलन होती है और आंखों की दृष्टि कम हो जाती है। इस चमत्कारी घरेलू उपाय को करने से आंखों को आराम मिलता है। युवा अवस्था में आंखों का चश्मा भी हट जाता है।

जलती और कड़वाती आंखों हेतु कारगर नुस्खा

आंखों का लाल होना, खुजली होना, थोड़ी देर पढ़ाई करने या ऑफिस का काम करने पर आंखों में थकान होना शुरू हो जाए तो आंखों को शीतल बनाने के लिए धनिया की पत्तियों को पीसकर उसका रस निकालने के बाद जो छानन बच जाए, उसे आटे की लोई की तरह दोनों आंखों पर 15 से 20 मिनट रखकर लेटे रहें। इसके बाद आंखों से धनिया का पेस्ट हटा दें और आंखों में ठंडे पानी के छींटे लगाएं। यह छोटा सा उपाय नियमित रूप से करने से आंखों की थकान, लालामी, कड़वाहट दूर होकर नेत्र ज्योति बढ़ती है और बिना सपने वाली गहरी और शांत नींद आती है। वास्तव में यह छोटा किंतु अत्यंत लाभकारी उपाय चश्मा हटाने में मददगार है और आंखों की रोशनी बढ़ाने का सबसे आसान उपाय।

मधुमेह पर प्रभावशाली लगाम

मधुमेह जनित नेत्र रोग घातक होते हैं और अनेक मामलों में यह अंधता का कारण बन जाते हैं।

डायबिटीज के कारण शरीर के आंतरिक अंगों पर भी बहुत बुरा प्रभाव होता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। किडनी, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल संबंधी विभिन्न दिक्कतों के साथ-साथ शरीर की नस-नाड़ियां कमजोर और असक्त हो जाती हैं। पुराने से पुराने मरीज जो खून में ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए नियमपूर्वक दवाइयों का विशेषकर एलोपैथिक दवाइयों का सेवन करते हैं, किंतु सुख-चैन और शांति नहीं मिलती। इस सरल और चमत्कारी प्रभाव प्रदान करने वाले घरेलू नुस्खे का 90 दिन तक नियमित रूप से प्रयोग करें।

एक चम्मच अंकुरित मैथी और एक चम्मच अंकुरित अजवाइन को प्रातः चबा-चबा कर खाएं। इसके ऊपर ताजी हरी धनिया का 30 मिली से 50 मिली के बीच में ताजा रस आधा कप पानी में मिलाकर पी लें। उसके सेवन के आधा घंटे बाद तक कुछ सेवन ना करें और नाश्ते में केवल एक प्रकार का फल इच्छा अनुसार और भूख अनुसार खा सकते हैं। डायबिटीज के कारण आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित करने का यह अचूक उपाय है।

एसिडिटी और माइग्रेन से छुटकारा

एसिडिटी, बहुत खट्टी-कड़वी डकार आती है और सिर दर्द बना रहता है। माइग्रेन की तकलीफ ने विकराल रूप धारण कर लिया है। ऐसे पीड़ित रोगी अनेक प्रकार की जांच कराते रहते हैं, भिन्न-भिन्न चिकित्सकों को दिखाते हैं, इलाज कराते हैं, किंतु उन्हें स्थाई लाभ नहीं मिल पाता। जब तक इलाज कराते हैं, तब तक लाभ रहता है और इलाज बंद करने के कुछ ही सप्ताह बाद समस्या पहले से भी ज्यादा बड़े रूप में सामने आती है। ऐसी स्थिति से परेशान रोगियों को प्रातः खाली पेट एक चम्मच कच्चा जीरा चबाकर खाना चाहिए। इसके ऊपर 50 मिली हरी धनिया का रस पी लें। इसके बाद थोड़ी देर के लिए आंख बंद कर लेट जाएं, शारीरिक श्रम, मेहनत ना करें। यह उपाय एक सप्ताह करने पर ही एसिडिटी, खट्टी-कड़वी डकारें आना, पेट में दर्द और माइग्रेन की समस्या पूरी तरह ठीक होने लगती है। नियमित रूप से यह प्रयोग कम से कम 3 माह जरूर करें।

'बिग बॉस 16' में शेखर सुमन करेंगे एक सेगमेंट की मेजबानी

मुंबई (आईएएनएस)। लोकप्रिय अभिनेता, एंकर और निर्माता शेखर सुमन 'बिग बॉस 16' के एक विशेष खंड 'शेखर सुमन के साथ बिग बुलेटिन' की मेजबानी करते नजर आएंगे। इस विशेष खंड में वह प्रतियोगियों के साथ बातचीत करेंगे और घर के अंदर उनके समग्र व्यवहार के बारे में पूछताछ करेंगे। अन्य प्रतियोगियों के साथ उनकी गतिविधियों और शर्तों का आकलन करते हुए, वह शो में अच्छा प्रदर्शन करने और वास्तविक होने के लिए अपने सुझाव देंगे। इस खास सेगमेंट को होस्ट करने के बारे में शेखर का कहना है कि वह इस शो का हिस्सा बनकर खुश हैं जो 15 साल से टीवी पर चल रहा है और दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शेखर सुमन ने साझा किया, यह सबसे लोकप्रिय शो में से एक है और प्रशंसकों को मनोरंजन से भरी शाम का इंतजार है। शो के साथ हाथ मिलाना बहुत मजेदार है और यह मुझे एक अंतर्दृष्टि देता है कि इसने 15 वर्षों तक निर्बाध सफलता का आनंद क्यों लिया है। शेखर ने बॉलीवुड में अपनी शुरूआत 1984 की रेखा-स्टारर फिल्म 'उत्सव' से की थी। बाद में, वह लोकप्रिय सिटकॉम 'देख भाई देख' में भी दिखाई दिए और 'मूवर्स एंड शेकर्स', 'सिम्पली शेखर', 'द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो' जैसी रियलिटी सीरीज की मेजबानी की और हाल ही में वह अर्चना पूरन के साथ 'इंडियाज लाफ्टर चैंपियन' पर जज की भूमिका में नजर आए।

'राजा की आएगी बारात' का टाइटल ट्रैक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म 'राजा की आएगी बारात' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'राजा की आएगी बारात' का टाइटल ट्रैक एसआरके म्यूजिक के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है। गाने में म्यूजिक ओम झा और लिरिक्स श्याम देहाती का है। इस गाने को लेकर फिल्म 'राजा की आएगी बारात' के निर्देशक लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'राजा की आएगी बारात' एक शानदार गाना है, जो भोजपुरी म्यूजिक का प्रतिनिधित्व करने योग्य है। हमने एक बेहद साफ सुथरी फिल्म बनाई है, जिसमें एक से बढ़ कर एक गाने हैं। यह गाना उसकी एक झलक है। हमने फिल्म के सारे गाने फिल्म की कहानी को ध्यान में रखकर ही बनाए हैं, जो एक के बाद एक रिलीज होगी।' गौरतलब है कि रौशन सिंह एंड एस आर के म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म 'राजा की आएगी बारात' के निर्माता सुरेंद्र प्रसाद हैं। फिल्म में खेसारीलाल यादव, सुदीक्षा झा, संयुक्ता रॉय, संजय पांडेय, अनूप अरोड़ा, अमित शुक्ला, पप्पू यादव, दीपक सिन्हा, संजय वर्मा, वीणा पांडेय और मनोज सिंह प्रमुख भूमिका में हैं। कहानी मनोज के कुशवाहा की है। कोरियोग्राफर कन्नू मुखर्जी हैं। एक्शन दिलीप यादव का है।

दादा की लिखी किताबों से प्रेरित वेबसीरीज का निर्देशन करेंगे सुधीर मिश्रा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सुधीर मिश्रा अपने दादा, स्वतंत्रता सेनानी द्वारका प्रसाद मिश्र की लिखी किताबों से प्रेरित वेबसीरीज का निर्देशन करेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे द्वारका प्रसाद मिश्रा ने लिविंग ए एराः इंडियाज,मार्च टू फ्रीडम, द नेहरू एप्रोचः फ्रॉम डेमोक्रेसी टू मोनोक्रेसी, द पोस्ट नेहरू एरा, लंका की खोज जैसी किताबें लिखी हैं। सुधीर मिश्रा इन किताबों से प्रेरित वेबसीरीज का निर्देशन करेंगे। सुधीर मिश्रा ने कहा, 'यह सीरीज 70 और 80 के दशक पर आधारित है। मेरे दादा डीपी मिश्रा ने कई किताबें लिखी हैं और उन्होंने मेरी मां को भी कई किताबें दी थीं क्योंकि मैं एक फिल्म निर्माता हूं और उन्हें लगता था कि मैं इन किताबों के साथ कुछ कर सकता हूं और मैं उनकी किताबों को फिर से पढ़ रहा हूं। मैं उनकी बातों को लोगों तक पहुंचाना चाहता हूं।'

मंजिलें अपनी जगह हैं... अमिताभ की कठिन शुरुआत

बिग बी का कल 80वां जन्मदिन

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

वह अभी भी अपने 80 वें वर्ष में बॉलीवुड में एक महानायक की तरह आगे बढ़े रहे हैं और सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। लेकिन अमिताभ बच्चन का सिनेमाई उद्योग में प्रवेश आसान नहीं था। क्योंकि सिनेमा जगत में करियर की शुरुआत करते पर एक वक्त ऐसा था जब अमिताभ को 'स्टार मेटेरियल नहीं' समझा जाता था और 'कोई भी नायिका उनके साथ काम करना पसंद नहीं करेगी' और यहां तक कि उन्हें 'अपने पिता की तरह कविता लिखने' की सलाह दी गई।

अपनी यादों की किताब 'द लीजेंड्स आफ बॉलीवुड' (2018) में वे कहते हैं कि यह प्रक्रिया अगस्त-सितंबर 1967 में शुरू हुई, जब अमिताभ के छोटे भाई अजिताभ, जो अपने भाई की स्टार बनने की इच्छा के बारे में जानते थे, ने उस वर्ष उन्हें फिल्मफेयर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रवेश कराया। लेकिन उन्हें सिरे से नामंजूर कर दिया गया। इसके बाद उनकी मां तेजी बच्चन ने कदम उठाया और अपनी मित्र प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से संपर्क किया, जिन्होंने बदले में अपनी दोस्त नरगिस दत्त को फ्रोन किया और उनसे अपने पति सुनील दत्त से बात करने और कुछ व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

इसके बाद सुनील दत्त के अजंता आर्ट्स के प्रभारी राज ग्रोवर को फिल्मफेयर से विचाराधीन युवाओं की तस्वीरें लेने का काम सौंपा गया और अगले ही दिन नरगिस उनके साथ फिल्म निर्माता बीआर चोपड़ा के घर गयीं और उन्हें अमिताभ की तस्वीरें दिखाईं। चोपड़ा ने बस एक सरसरी निगाह डाली और उन्हें वापस मेज पर रख दिया, लेकिन जब उन्हें बताया गया कि श्रीमती गांधी ने उनकी सिफारिश की है, तो उन्होंने करीब से देखा और टिप्पणी की कि उनके चेहरे के बारे में कुछ विशेष था। उन्होंने फिर साथी फिल्म निर्माता मोहन सहगल को फ्रोन किया और उसे एक स्क्रीन टेस्ट सेट करने के लिए कहा।

जैसे ही यह सब तय किया गया था, चोपड़ा ने नरगिस को सूचित किया, जिन्होंने श्रीमती गांधी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अमिताभ जल्द से जल्द बॉम्बे पहुंचें। दत्त ने ग्रोवर को आते ही उन्हें अपने घर लाने का काम सौंपा, जो उन्होंने 9 सितंबर को किया। जब वे आए, तो उन्होंने पाया कि दत्त पास में साधना के घर एक पार्टी में गए थे लेकिन नरगिस ने एक नोट छोड़ दिया जिसमें ग्रोवर से कहा गया था कि उसे ले आओ, ताकि वह उसे कुछ सितारों से मिलवा सकें।



हालांकि, जैसे ही ग्रोवर और अमिताभ वहां पहुंचे, बाहर खड़े सुनील दत्त के एक संपर्क ने उनकी उपस्थिति पर सवाल उठाया और उन्हें बेरुखी से जाने के लिए कहा। इस पर ग्रोवर ने लिखा, कि वह गुस्से में लाल-पीले हो गए और आदमी का कॉलर पकड़ लिया, जिससे विवाद हो गया। शोर सुनकर सुनील दत्त बाहर आए, अपनी पत्नी को लाने के लिए वापस चले गए और अपने संपर्क पर एक नजर डाले बिना, उन्हें रात के खाने पर घर ले गए।

दूसरे दिन, नरगिस ने उनके लिए राजश्री फिल्म्स के ताराचंद बड़जात्या के साथ अपॉइंटमेंट लिया था और वह अमिताभ से बहुत प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने अमिताभ से कहा कि वह बहुत लम्बे हैं और कोई भी नायिका उनके साथ काम नहीं करना चाहेगी और उन्हें अपने पिता के नक्शेकदम पर चलना चाहिए। बाकी समय बड़जात्या ने ग्रोवर से पूछा कि सुनील दत्त क्या कर रहे हैं। तीसरा दिन था लेकिन अभी भी अनिर्णायक था - ग्रोवर अमिताभ को दादर स्टूडियो में ले गए जहां मोहन सहगल शूटिंग कर रहे थे,और वहां, उन्हें फिल्म स्टार मनोज कुमार से मिलवाया। मनोज स्वागत कर रहे थे, उनके शांत चेहरे पर अनुकूल टिप्पणी कर रहे थे और कैसे उनकी मधुर फुसफुसाहट एक गरजते हुए बादल की बड़बड़ाहट की तरह लग रही थी। फिर आम तौर पर, उन्होंने अमिताभ के चेहरे पर हाथ रखा और कहा कि उनमें वह सभी गुण हैं जो वह चाहते हैं।

फिर सहगल आए और कुछ देर तक शालीनता से बातें की, लेकिन बाहर ग्रोवर से कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि नरगिस ने अमिताभ में क्या देखा। चूंकि जाने में कुछ समय था, ग्रोवर अमिताभ को लंच पर ले गए और फिर उनसे पूछा कि क्या वह राजेश खन्ना से मिलना चाहते हैं लेकिन वह फिर से चोटिल थे।

'मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की श्रेणी में हूँ'

किताब के अंश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। जब माननीय हरदीप एस. पुरी ने मुझे दिल्ली विश्वविद्यालय की शताब्दी मनाने के लिए एक संकलन प्रकाशित करने की अपनी योजना के बारे में लिखा और मुझे इस शानदार अवसर पर कुछ शब्द लिखने के लिए एक प्रसिद्ध पूर्व छात्र के रूप में आमंत्रित किया, तो मैंने उनसे कहा कि मैं इस काम के लिए सही व्यक्ति नहीं हूं। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं 'प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों' की श्रेणी में आता हू जिसका उन्होंने उल्लेख किया था, क्योंकि विश्वविद्यालय में मेरे वर्ष (1958-61) अकादमिक रूप से अच्छे नहीं थे। लेकिन वह अपनी बात मनवाने में कायम रहे और आखिरकार मैं मान गया।

डीयू (नॉर्थ कैंपस) जहां अध्ययन किया, शायद यूनाइटेड किंगडम (यूके) में कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों की तर्ज पर बनाया गया था। जहां कई सारे कॉलेज हैं, एक साथ। हम एक-दूसरे के कॉलेजों में जाते थे, साथी छात्रों के साथ मिलते थे, एक-दूसरे की कैंटीन में खाते थे, एक ही यूनिवर्सिटी की बस में अपने घर जाते थे, इंटरकॉलेजिएट प्रतियोगिताओं में प्रतिद्वंद्वी बन जाते थे।

यह 1958 की बात है और मैं किरोड़ीमल कॉलेज में बीएससी सामान्य पाठ्यक्रम कर रहा था, जहां से मैंने स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। अपने करियर पर अपनी शिक्षा के प्रभाव को देखते हुए, मुझे पता चलता है कि यह विविध विषयों का समामेलन है जो हर प्रकार की रचनात्मक गतिविधि को प्रेरित करता है। अगर मुझे कुछ पुराना याद करना हो तो मैं अपने डीयू के समय को याद करुंगा। मुझे एक अभिनेता के रूप में मेरा पहला गंभीर प्रोत्साहन मिला। समय बीतता गया और फिर एक दिन, मेरे किरोड़ीमल में शामिल होने के लगभग 50 साल बाद, मुझे बताया गया कि दिल्ली विश्वविद्यालय मुझे डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत कर रहा है। इस पर मैंने असीम कृतज्ञता व्यक्त की। किसने सोचा होगा कि किसी दिन एक साधारण छात्र स्नातक को इतना जबरदस्त सम्मान मिलेगा। उसके बाद मेरी तत्काल प्रतिक्रिया खुद से पूछने की थी कि क्या मैं इस तरह के सम्मान का हकदार हूं। दिल्ली विश्वविद्यालय का मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। दिल्ली विश्वविद्यालय को मेरी शुभकामनाएं। आभार में अमिताभ बच्चन (आईएएनएस)

'बच्चन : बैक टू द बिगिनिंग' जन्मदिन को बनाएगा खास

मुम्बई (आईएएनएस)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन के 80वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए 8 से 11 अक्टूबर तक 'बच्चनः बैक टू द बिगिनिंग' नामक 18 शहरों में प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। लखनऊ में जन्मे एस.एम.एम. औसाजा, जिन्हें अब बॉलीवुड में 'बच्चन विद्वान' कहा जाता है, के पास बच्चन की यादगार वस्तुओं का सबसे बड़ा संग्रह है और वह बिग बी के 80वें जन्मदिन को खास बनाने के एक प्रदर्शनी लगाएंगे। इस पहल को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के संस्थापक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर के सहयोग से औपचारिक रूप दिया गया है।

औसाजा ने अमिताभ बच्चन के 70वें जन्मदिन और उनके 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पहले उनकी प्रदर्शनी लगाई थी। औसाजा को प्रदर्शनी को सावधानीपूर्वक तैयार करने में लगभग एक महीने का समय लगा। आईएएनएस से बात करते हुए औसाजा ने कहा, "प्रदर्शनी अमिताभ बच्चन के स्टारडम पर केंद्रित है और इसलिए यह 1970 और 80 के दशक के आसपास केंद्रित है। मैंने 90 के दशक के बाद का कुछ नहीं लिया है क्योंकि उनके जीवन के उस चरण की जानकारी तक लोगों की पहुंच आसान है। सब कुछ इंटरनेट पर मौजूद है। यह 70 और 80 के दशक का दौर है, जो आज की पीढ़ी के लिए सबसे दिलचस्प है, इसे खोजना और इसकी सराहना करना।"

जैसा कि औसाजा की प्रदर्शनियों की विशेषता है, 'बच्चनः बैक टू द बिगिनिंग' में कुछ दुर्लभ प्रदर्शन भी होंगे। औसाजा ने कहा, 'फ्रेम में एक यह उद्घोषणा है कि ऐसा अभिनेता उद्योग में आ गया है और उसे कुछ निर्देशकों ने फिल्म में लिया है। यह शायद उनकी पहली तस्वीर है जो प्रेस में आई।' उन्होंने कहा, कि यह एक रिसर्च है और इस तरह की दुर्लभ वस्तुओं को प्राप्त करना बहुत मुश्किल है। अखबार ने रिसर्च किया कि कैसे प्रेस ने अभिनेता के आने की उद्घोषणा की। शीर्षक 'बच्चनः बैक टू द बिगिनिंग' बच्चन की 11 फिल्मों को उनके करियर के शुरूआती भाग में प्रदर्शित करेगा, जिसमें 'काला पत्थर', 'कालिया', 'कभी कभी', 'अमर अकबर एंथनी', 'नमक हलाल', 'अभिमान', 'डॉन', 'सत्ते पे सत्ता', 'मिली', 'चुपके चुपके' और 'दीवार' जैसे क्लासिक्स फिल्में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 'बच्चनः बैक टू द बिगिनिंग' की प्रदर्शनी में कुछ दुर्लभ प्रदर्शन भी होंगे।

कंपनियों की तिमाही नतीजों पर रहेगी नजर

बाजार समीक्षा: महंगाई व आईआईपी आंकड़े भी प्रभावित करेंगे चाल

नई दिल्ली । आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की चाल काफी कुछ कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक घरेलू शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो और एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे भी आने हैं। इसके अलावा मंहगाई दर और औद्योगिक उत्पादन आईआईपी के आंकड़े तथा वैश्विक रुझान भी बाजार को दिशा देंगे। विश्लेषकों के अनुसार रुपए की चाल पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। रुपया इस समय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित करेंगी। इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह आईआईपी, खुदरा और थोक मुद्रास्फीति जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन, विदेशी संस्थागत निवेशकों एफआईआई का रुझान, मुद्रा और कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव पर सभी की निगाह रहेगी। इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहे हैं। ऐसे में बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। दुनियाभर के बाजारों की निगाह फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के ब्योरे पर रहेगी, जो इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक निवेशकों की निगाह अमेरिका और चीन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर भी थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी आईटी कंपनियों के साथ तिमाही परिणामों की शुरुआत होगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 764.37 अंक यानी 1.33 प्रतिशत के बढ़त पर रहा था।

विदेशी निवेशकों ने खरीदे 2400 करोड़ रुपए के शेयर

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने सितंबर में 7600 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी करने के बाद भारतीय शेयरों में फिर से लिवाली शुरू कर दी है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजारों में 2400 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि कई वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से आने वाले महीनों में एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने तीन से सात अक्टूबर के दौरान शेयरों में शुद्ध रूप से 2440 करोड़ रुपए का निवेश किया है। एफपीआई ने अक्टूबर की शुरुआत में मामूली खरीदारी की है, लेकिन उनकी गतिविधियों में निरंतरता नहीं है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से 2950 करोड़ रुपए निकाले हैं। भारत के अलावा ताइवान, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया और थाइलैंड में भी एफपीआई का प्रवाह सकारात्मक रहा है।

रिलायंस और टीसीएस ने निवेशकों को फायदा पहुंचाया

शीर्ष सात कंपनियों का मार्केट कैप 101043.69 करोड़ रुपए चढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण मार्केट कैप बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 101043.69 करोड़ रुपए चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 37581.61 करोड़ रुपए चढ़कर 1646182.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 22082.37 करोड़ रुपए का उछाल आया और यह 1121480.95 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 16263.25 करोड़ रुपए बढ़कर 610871.36 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक की 13433.27 करोड़ रुपए के लाभ के साथ 614589.87 करोड़ रुपए रही। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 6733.19 करोड़ रुपए बढ़कर 422810.22 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 4623.07 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 796894.04 करोड़ रुपए रही। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 326.93 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 444563.66 करोड़ रुपए रहा। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 23025.99 करोड़ रुपए के नुकसान से 610623.53 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत में 3532.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 441386.80 करोड़ रुपए रह गई। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 624.73 करोड़ रुपए के नुकसान से 473316.78 करोड़ रुपए पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

एसबीआई करेगा खातों की नीलामी

746 करोड़ रुपए वसूली की योजना

नई दिल्ली । देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अगले महीने तक अपनी कई गैर निष्पादित परिसंपत्तियों एनपीए की बिक्री कर 746 करोड़ रुपए बकाये की वसूली की योजना बनाई है। एसबीआई इन एनपीए की नीलामी के जरिये बिक्री करने जा रहा है। इसके लिए जारी निविदा दस्तावेज में बैंक ने कहा कि इन परिसंपत्तियों में सिंटेक्स बीएपीएल का फर्जी कर्ज खाता भी शामिल है। इसके अलावा एसबीआई 31 अक्टूबर को भी तीन खातों की ई-नीलामी करेगा। इनमें वीवीएफ इंडिया लिमिटेड के 154.37 करोड़ रुपए, अशोक मैग्नेटिक्स लिमिटेड के 23.82 करोड़ रुपए और अग्रवाल्स पॉलीट्रेड के 15.03 करोड़ रुपए के बकाया खाते शामिल हैं। बीएपीएल का यह कर्ज खाता फर्जी होने से बैंक ने इसकी ई-नीलामी में सिर्फ परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियों एआरसी के ही शामिल होने की बात कही है। चार नवंबर को होने वाली इस नीलामी में एसबीआई अपने एनपीए की बिक्री के लिए एआरसी एवं वित्तीय संस्थानों, बैंकों या गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एनबीएफसी से बोलियां आमंत्रित करेगा। इस दौरान सिंटेक्स बीएपीएल के पास बकाया 197.74 करोड़ रुपए, सूरत हजीरा एनएच6 टॉलवे प्राइवेट लिमिटेड के पास बकाया 335.54 करोड़ रुपए और श्रीभाव पॉलिवीव्ज प्राइवेट लिमिटेड के खाते की 20.20 करोड़ रुपए के बकाये की वसूली के लिए नीलामी की जाएगी।

पेट्रोलियम कंपनियों को 21270 करोड़ रुपए नुकसान की आशंका

पहली बार कंपनियों को लगातार दूसरी तिमाही में हो सकता है घाटा

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को जुलाई-सितंबर तिमाही में सम्मिलित रूप से 21270 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह संभवतः पहला मौका होगा जब इन कंपनियों को लगातार दूसरी तिमाही में घाटा होगा। आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में भी सामूहिक रूप से 18480 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा था।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने पेट्रोलियम क्षेत्र के बारे में जारी एक आकलन रिपोर्ट में कहा है कि तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियां दूसरी तिमाही में भी कमजोर विपणन घाटे की स्थिति में फंसी रहीं और रिफाइनिंग मार्जिन में भी पर्याप्त सुधार नहीं देखा गया।

उत्पादन की लागत के अनुरूप पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाने से तेल कंपनियों को घाटा होने के आसार हैं। इन पेट्रोलियम कंपनियों ने अभी तक जुलाई-सितंबर तिमाही के अपने वित्तीय आंकड़े जारी नहीं किए हैं। इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में तीनों कंपनियों के परिणाम आने की संभावना है।

कीमतों में वृद्धि नहीं करने से नुकसान

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं करने से हुए नुकसान ने पेट्रोलियम कंपनियों के रिकॉर्ड रिफाइनिंग मार्जिन का सफाया कर दिया था। जहां पेट्रोल एवं डीजल पर आने वाली लागत और उसके बिक्री मूल्य के बीच का फासला कम हुआ है वहीं रिफाइनिंग मार्जिन दूसरी तिमाही में घट गया है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा, दूसरी तिमाही में यह स्थिति और बिगड़ सकती है। सकल रिफाइनिंग मार्जिन घटने से दूसरी तिमाही में कंपनियों का खुदरा बिक्री घाटा 9.8 रुपए प्रति बैरल पर आ सकता है, जबकि पहली तिमाही में यह 14.4 रुपए प्रति बैरल रहा था। पेट्रोल और डीजल के अलावा इन कंपनियों ने रसोई गैस के रूप में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी के दाम भी अपनी उत्पादन लागत के अनुरूप नहीं बढ़ाए हैं।

प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा जारी

24 प्रतिशत बढ़ा 8.98 लाख करोड़ रहा

नई दिल्ली। देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा जारी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, प्रत्यक्ष कर संग्रह 24 प्रतिशत बढ़कर 8.98 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। ये आंकड़े एक अप्रैल से आठ अक्टूबर के बीच के हैं। इसके अलावा वित्त मंत्रालय ने बताया कि कॉरपोरेट आय पर कुल संग्रह एक अप्रैल से आठ अक्टूबर के बीच 16.74 प्रतिशत बढ़ा है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 32.30 प्रतिशत का उछाल हुआ है।

सीबीडीटी ने कहा कि एक अप्रैल, 2022 से आठ अक्टूबर 2022 की अवधि के दौरान कुल 1.53 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 81 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया है कि रिफंड को समायोजित करने के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह 7.45 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो एक साल

पहले की इसी अवधि के संग्रह से 16.3 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी की वृद्धि के अपने अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। अन्य रेटिंग एजेंसियों ने भी भू-राजनीतिक दबाव और सख्त होती वैश्विक वित्तीय स्थिति को देखते हुए वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। जुलाई में औद्योगिक उत्पादन आईआईपी की वृद्धि सुस्त पड़कर 2.4 प्रतिशत रही है। वहीं अगस्त में बुनियादी उद्योग की वृद्धि नौ माह के निचले स्तर 3.3 प्रतिशत पर आ गई है।

कारपोरेट आयकर में 16.73 फीसदी बढ़त

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सीबीडीटी ने कहा कि कुल राजस्व संग्रह की बात की जाए तो अभी तक कॉरपोरेट आयकर और व्यक्तिगत आयकर और प्रतिभूति लेनदेन कर यानी एसटीटी सहित की वृद्धि क्रमशः 16.73 प्रतिशत और 32.30 पर रही है। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 16.29 प्रतिशत बैठती है। वहीं व्यक्तिगत आयकर संग्रह में वृद्धि 17.35 प्रतिशत केवल पीआईटी और एसटीटी के साथ 16.25 प्रतिशत बैठती है। वस्तुओं के निर्यात में पिछले साल दर्ज हुई तेजी इस साल सितंबर में थमी है। सितंबर में वस्तुओं के निर्यात में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह में व्यापार घाटा करीब दोगुना हो गया है।

एफएमसीजी कंपनियों ने घटाए साबुन के दाम

कीमतें 15 फीसदी तक घटी

नई दिल्ली। पाम तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतों में गिरावट के चलते एमएफसीजी कंपनियों हिंदुस्तान यूनिलीवर एचयूएल और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन के कुछ ब्रांड के दामों में कटौती की है। एचयूएल ने लाइफबॉय तथा लक्स ब्रांड के तहत पश्चिमी क्षेत्र में की जाने वाली अपनी पेशकशों में पांच से 11 फीसदी की कटौती की है। वहीं गोदरेह समूह की कंपनी जीसीपीएल ने साबून के दाम 13 से 15 फीसदी घटाए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि दामों में कटौती से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बिक्री में वृद्धि होगी, खासकर जब उच्च महंगाई की वजह से मांग कमजोर है। उन्होंने कहा कि दाम घटाने के पीछे पाम तेल और अन्य कच्ची सामग्री की वैश्विक कीमतों में कमी आना प्रमुख कारण है। जीसीपीएल के मुख्य वित्तीय अधिकारी समीर शाह ने कहा, जिंसों की कीमतों में कमी आई है और जीसीपीएल उन एफएमसीजी कंपनियों में पहली है जिन्होंने दाम में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। गोदरेज नंबर वन के पांच साबुनों के एक पैकेट की कीमत 140 रुपए से घटाकर 120 रुपए कर दी गई है। हालांकि एचयूएल ने सर्फ, रिन, व्हील और डोव जैसे अन्य ब्रांड के दामों में कटौती की खबरों से उन्होंने इनकार किया।

बैंक आवास ऋण बकाया पांच साल में दोगुना

आरबीआई के आंकड़ों में मिली जानकारी

नई दिल्ली। बैंकों का आवास ऋण बकाया पिछले पांच साल में लगभग दोगुना होकर 16.85 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के आंकड़ों से यह पता चलता है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में ब्याज दरों में 1.40 फीसदी की वृद्धि की है जिसकी वजह से आवास ऋण पर लागू ब्याज दर भी बढ़ गई है। इसके बावजूद इस अवधि में बैंकों के आवास ऋण के बकाये में दहाई अंकों की वृद्धि हुई है। इस गणना अवधि के बाद सितंबर में भी आरबीआई रेपो दर में 0.50 फीसदी की एक और वृद्धि कर चुका है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 2016-17 के अंत में बैंकों का आवास ऋण बकाया 860086 करोड़ रुपए था जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 1684424 करोड़ रुपए हो गया। बैंकिंग और रियल एस्टेट उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि ब्याज दरें मायने रखती हैं लेकिन वे घर खरीदार के फैसले को प्रभावित नहीं करतीं।

इसकी वजह यह है कि घर खरीदने का फैसला व्यक्ति अपनी मौजूदा आय और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए ही करता है। इसके अलावा लोगों को यह बात भी समझ में आ चुकी है कि आम तौर पर 15 वर्षों की ऋण अवधि में ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव आता रहेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा में महाप्रबंधक गिरवी एवं अन्य खुदरा परिसंपत्तियां एचटी सोलंकी ने कहा, आवासीय ऋण लंबे समय तक चलते हैं और ग्राहक जानते हैं कि इस दौरान ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव आता ही रहेगा। वैसे देश में औसत आय में आठ से 12 फीसदी की वृद्धि होने से भी ब्याज दरों में वृद्धि का असर कुछ हद तक कम हो जाता है।

आवास ऋण बढ़कर 17.85 लाख करोड़ रुपए रहा

आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकों के आवास ऋण का बकाया चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान प्रत्येक महीने सालाना आधार पर 13.7 से 16.4 फीसदी बढ़ा है। अगस्त 2022 के अंत में यह बढ़कर 17.85 लाख करोड़ रुपए हो गया। आवासीय वित्त कंपनी एचडीएफसी की प्रबंध निदेशक रेणु सूद कर्नाड ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ब्याज दरों में वृद्धि का आवास ऋण की मांग पर कोई विशेष प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि अन्य उत्पादों के विपरीत आवास की खरीद योजनाबद्ध तरीके से और परिवार के भीतर अच्छी तरह से सोच-विचार करने के बाद होती है।

रियल एस्टेट में पीई निवेश बढ़ा, 40 फीसदी बढ़कर 2.8 अरब डॉलर रहा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी पीई निवेश 40 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। संपत्ति सलाहकार एनारॉक की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-सितंबर छमाही में मुख्य रूप से कार्यालय परिसंपत्तियों में विदेशी कोषों का प्रवाह बढ़ने से कुल निजी इक्विटी निवेश बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश दो अरब डॉलर रहा था। एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा, रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट उद्योग में सुधार को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल प्रवाह में विदेशी निवेशकों का योगदान 78 प्रतिशत रहा, जो भारतीय रियल एस्टेट में उनके भरोसे को दर्शाता है।

बंजी जम्पिंग करने का है मन, तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी घूमने की बात आती है, तो हर व्यक्ति की अपनी अलग प्राथमिकताएं होती हैं। जहां कुछ लोग ऐतिहासिक प्लेसेस को एक्सप्लोर करना पसंद करते हैं तो कुछ लोगों को एडवेंचर्स एक्टिविटीज करना अच्छा लगता है। अगर आप भी एडवेंचर्स स्पोर्ट्स में रूचि रखते हैं और बंजी जम्पिंग करना चाहते हैं तो आप भारत की इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं-

ऋषिकेश- ऋषिकेश में भारत में सबसे ऊंचा बंजी जंपिंग स्पॉट है, और यह एकमात्र गंतव्य है जहां से बंजी जंपिंग का एक अलग अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इस स्थान का नाम जंपिंग हाइट्स है, जो मोहन चट्टी गांव, ऋषिकेश में स्थित है। बंजी जंप की ऊंचाई लगभग 83 वर्ग मीटर है और बंजी जंपिंग करने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 12 वर्ष है।

लोनावाला- लोनावाला भारत में सबसे अच्छे और सबसे सुरक्षित बंजी जंपिंग स्पॉट में से एक है। यह मुंबई और पुणे के निवासियों के लिए निकटतम स्थानों में से एक है और आप यहां पर वीकेंड पर जा सकते हैं। बंजी जंपिंग स्थान का नाम डेला एडवेंचर्स है, जो कुनेगांव, लोनावाला में स्थित है। यहां पर बंजी जंप की ऊंचाई 45 मीटर है और इसके लिए न्यूनतम आयु 10 वर्ष है।

बैंगलुरू- यह स्थान अत्यधिक रोमांच के दीवाने के लिए है क्योंकि इसमें अन्य गंतव्यों की तरह कूदने के लिए एक निश्चित मंच नहीं है। यहां, आपको एक क्रेन कूदना है, और अधिकांश भारतीयों को लगता है कि क्रेन से कूदना तय प्लेटफॉर्म की तुलना में जोखिम भरा है। इसीलिए, जब भारत में नॉन-फिक्स्ड बंजी जंपिंग की बात आती है, तो बैंगलोर में ओजोन एडवेंचर्स रेटिंग चार्ट में सबसे ऊपर है। यह सेंट मार्क रोड, बैंगलोर पर स्थित है। यहां पर बंजी जंप की ऊंचाई 25 मीटर प्लेटफॉर्म है और न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है।

गोवा- गोवा में आप अंजुना बीच बंजी जंपिंग में एक साहसिक दिन बिता सकते हैं। चूंकि यहां जंपिंग प्लेटफॉर्म इतना ऊंचा नहीं है, इसलिए यह पहली बार खेलने वालों के लिए एक अच्छा मौका हो सकता है। इस स्थान का नाम ग्रेविटी एडवेंचर जोन है, जो अंजुना बीच, गोवा पर स्थित है। यहां पर बंजी जंप की ऊंचाई 25 वर्ग मीटर है और बंजी जंपिंग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष है।

अगले साल 5.2 फीसदी रहेगी वृद्धि दर: नोमुरा

मुंबई । जापान की ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने भारत की वृद्धि संभावनाओं को लेकर यहां के नीति-निर्माताओं के आशावाद को गलत बताते हुए कहा है कि 2023-24 भारत की सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी की दर घटकर 5.2 प्रतिशत रह जाएगी। नोमुरा के अर्थशास्त्रियों ने नीति-निर्माताओं, कॉरपोरेट क्षेत्र के लोगों, वाणिज्यिक बैंकों और राजनीतिक विशेषज्ञों के साथ सप्ताह भर तक चली बैठकों के बाद कहा कि 2022-23 के लिए उनका वृद्धि अनुमान सात फीसदी है जो आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है लेकिन 2023-24 वृद्धि दर बड़ी गिरावट के साथ 5.2 प्रतिशत रहेगी। नोमुरा के अर्थशास्त्रियों ने कहा, हमारा मानना है कि 2023-24 को लेकर जो आशावाद है वह गलत हो सकता है, वैश्विक मंदी के प्रभावों को कम आंका गया है। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि कमजोर वैश्विक मांग से उत्पन्न जोखिमों के साथ देश में माहौल अपेक्षाकृत सकारात्मक है। उसने कहा कि घरेलू पुनरुद्धार व्यापक आधार पर हो रहा है जैसा कि निवेश में तेजी और उच्च ऋण वृद्धि से पता चलता है।

आईटी कंपनियों के लिए तिमाही अच्छी रहने की उम्मीद

नई दिल्ली । भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी आईटी सेवा कंपनियां सितंबर तिमाही में इससे पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व में अच्छी वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रही हैं। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि कमजोर वैश्विक रुख के साथ वृहद जोखिमों को देखते हुए सभी की निगाह सौदों और मांग परिदृश्य को लेकर प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी। ब्रोकरेज कंपनियों की रिपोर्ट और विश्लेषकों के नोट के आधार पर कहा जा सकता है कि अमेरिका और यूरोप की चुनौतीपूर्ण वृहद आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद दूसरी तिमाही में आईटी कंपनियां मजबूत वृद्धि दर्ज करेंगी।

हालांकि, इसके साथ ही इन नोट में चेताया गया है कि आगामी तिमाहियों में इन कंपनियों को सुस्ती का सामना करना पड़ सकता है। कुछ तिमाही पहले जहां मांग को लेकर परिदृश्य काफी अच्छा था वहीं अब आर्थिक विश्लेषक मंदी के जोखिमों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार के झटकों की बात कर रहे हैं।

86 फीसदी सीईओ को मंदी की आहट, दुनिया में अगले एक साल में आ सकती है मंदी

नई दिल्ली। केपीएमजी 2022 सीईओ आउटलुक 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 86 फीसदी सीईओ ने वैश्विक मंदी की आशंका जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल मंदी की आशंका के बीच नौकरियों पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। सर्वे में केपीएमजी ने दुनिया के अलग-अलग देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ की राय को शामिल किया है। सर्वे में शामिल 86 फीसदी सीईओ का मानना है कि आने वाले 12 महीनों में मंदी का सामना करना पड़ सकता है, जबकि 58 फीसदी का मानना है कि आने वाली मंदी बेहद छोटी होगी। सर्वे में शामिल करीब हर 10 में से 9 सीईओ का मानना है कि अगले एक साल में मंदी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं हर पांच में तीन सीईओ की मानें तो ये मंदी धीमी और छोटी होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में दुनिया भर में मंदी की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक पहले कोरोना महामारी और फिर रूस-यूक्रेन के बीच शुरू हुए युद्ध के चलते चरम पर पहुंची महंगाई ;को काबू में करने के लिए लगातार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहे हैं।

अगले साल महंगी होंगी कारें

अगले साल अप्रैल से लागू होगा बीएस-6 का दूसरा चरण

नई दिल्ली । अगले साल एक बार कारों के दाम बढ़ने वाले हैं, क्योंकि अप्रैल 2023 से बीएस-6 का दूसरा चरण लागू होने जा रहा है। सख्त उत्सर्जन मानकों के अनुरूप अपने वाहनों को उन्नत करने पर वाहन विनिर्माता कंपनियों का निवेश बढ़ने से यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ने की संभावना है। भारतीय वाहन उद्योग फिलहाल अपने वाहनों को बीएस-6 उत्सर्जन मानक के दूसरे चरण के अनुकूल ढालने की कोशिश में लगा हुआ है। ऐसा होने पर उत्सर्जन मानक यूरो-6 मानकों के समान हो जाएंगे। वाहन उत्सर्जन का स्तर एक तय मानक से अधिक होते ही यह उपकरण चेतावनी लाइट देकर यह बता देगा कि वाहन की ठीक से सर्विस कराने का वक्त आ गया है। इसके अलावा वाहन में खर्च होने वाले ईंधन के स्तर पर काबू रखने के लिए वाहनों में एक प्रोग्राम्ड ईंधन इंजेक्टर भी लगाया जाएगा। यह उपकरण पेट्रोल इंजन में भेजे जाने वाले ईंधन की मात्रा और उसके समय पर भी नजर रखेगा। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि कंपनी इस बदलाव के अंतिम दौर में पहुंच चुकी है और इंजीनियरिंग क्षमता का एक बड़ा हिस्सा इस विकास कार्य में लगा हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि कंपनी बीएस-6 के दूसरे चरण के लिए भी खुद को तैयार कर रही है।

चलती गाड़ी के उत्सर्जन स्तर पर नजर रखेगा उपकरण

उन्नत उत्सर्जन मानकों पर खरा उतरने के लिए वाहनों में ऐसा उपकरण लगाना होगा जो चलती गाड़ी के उत्सर्जन स्तर पर नजर रख सके। इसके लिए यह उपकरण कैटेलिक कन्वर्टर और ऑक्सीजन सेंसर जैसे कई अहम हिस्सों पर नजर रखेगा। वाहन विशेषज्ञों का कहना है कि वाहनों में इस्तेमाल होने वाले सेमीकंडक्टर चिप को भी इंजन के तापमान, ज्वलन के लिए भेजी जाने वाली हवा के दबाव और उत्सर्जन में निकलने वाले कणों पर नजर रखने के लिए उन्नत करना पड़ेगा।

करीब 70000 करोड़ का निवेश

नए मानक के अनुरूप ढालने पर घरेलू वाहन कंपनियों को करीब 70000 करोड़ रुपए का निवेश करना पड़ा था। इक्रा रेटिंग्स के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा, नए मानकों के लागू होने से वाहनों की कुल कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस निवेश का बड़ा हिस्सा वाहन में उत्सर्जन पहचान उपकरण लगाने के साथ सॉफ्टवेयर उन्नतिकरण में लगेगा।

श्रेयास के शतक से भारत ने की सीरीज बराबर

दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया, ईशान (93 रन) शतक से चूके

रांची। भारत ने श्रेयस अय्यर (113 नाबाद) के शतक और ईशान किशन (93) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को दूसरे एकदिवसीय मैच में रविवार को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की। सीरीज का आखिरी मैच मंगलवार को खेला जायेगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 279 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारत ने 45.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (13) और शुभमन गिल (28 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। भारत ने 48 रन पर पहले दो विकेट गंवा दिए, लेकिन अय्यर और किशन ने मैच को दक्षिण अफ्रीका से दूर ले जाते हुए तीसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी करके टीम को 209 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

किशन ने पारी की धीमी शुरुआत की लेकिन टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचने के बाद उन्होंने रफ्तार बदली। झारखंड से आने वाले किशन ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए अपने एकदिवसीय करियर का तीसरा अर्धशतक जड़ा। अपने पहले अंतरराष्ट्रीय शतक से केवल सात रन की दूर किशन रह गए। किशन के आउट होने के बाद अय्यर ने एकदिवसीय क्रिकेट में अपना दूसरा शतक पूरा किया। यह (113 नाबाद) खेल के इस प्रारूप में अय्यर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये संजू सैमसन ने नाबाद 30 रन बनाये और अय्यर के साथ 73 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया।

रीजा और मार्करम ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। क्विंटन डी कॉक (5) और यानेमन मलान (25) ने जल्दी पवेलियन लौट गए। 40 रन पर दो विकेट गिरने के बाद रीजा हेंड्रिक्स (74 रन) और एडेन मार्करम ने (79 रन) तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका 30 ओवर में 157 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने रनगति पर लगाम कसी। हेनरिक क्लासेन (30) और वेन पार्नेल (16) के आउट होने के बाद प्रोटियाज को अच्छे स्कोर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिलर पर थी। अफ्रीका ने आखिरी आठ ओवरों में केवल 41 रन जोड़कर 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 278 रन बनाए। सिराज को तीन विकेट जबकि शार्दुल, शाहबाज, वाशिंगटन और यादव को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

247वें वनडे खिलाड़ी बने शाहबाज

शाहबाज अहमद भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट खेलने वाले 247वें खिलाड़ी बने। हरियाणा के मेवात के रहनेवाले शाहबाज 12 दिसम्बर 1994 को पैदा हुए। शाहबाज ने अपना पहला प्रथम श्रेणी हैदराबाद के खिलाफ बंगाल की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेला था। आईपीएल में आरसीबी की ओर से खेलने वाले शाहबाज बेन स्टोक्स को अपना आदर्श मानते हैं।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका टीम	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक बो. सिराज	05	08	1/0
जानेमन मलान पगबाधा शहबाज	25	31	4/0
रीजा कै. शाहबाज बो. सिराज	74	76	9/1
मारक्रम कै. धवन बो. सुंदर	79	89	1/1
क्लासेन कै. सिराज बो. कुलदीप	30	26	2/2
डेविड मिलर नाबाद	35	34	4/0
पार्नल कै. श्रेयस बो. शार्दुल	16	22	0/0
महाराज बो. सिराज	05	13	0/0
फोर्टिन नाबाद	00	01	0/0

अतिरिक्तः 9, कुलः 50 ओवर में सात विकेट पर 278 रन **विकेट पतनः** 1-7, 2-40, 3-169, 4-215, 5-215, 6-256, 7-277 **गेंदबाजीः** मोहम्मद सिराज 10-1-38-3, वॉशिंगटन सुंदर 9-0-60-1, शाहबाज अहमद 10-0-54-1, आवेश खान 7-0-35-0, कुलदीप यादव 9-0-49-1, शार्दुल ठाकुर 5-0-36-1,

भारतीय टीम	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन बो. पार्नेल	13	20	0/1
शुभमन गिल कै. एवं बो. रबाडा	28	26	5/0
ईशान कै. हेंड्रिक्स बो. फोर्टिन	93	84	4/7
श्रेयस अय्यर नाबाद	113	111	15/0
संजू सैमसन नाबाद	30	36	1/1

अतिरिक्तः 5, कुलः 45.5 ओवर में तीन विकेट पर 282 रन **विकेट पतनः** 1-28, 2-48, 3-209 **गेंदबाजीः** ब्योर्न फोर्टिन 9-1-52-1, वेन पार्नेल 8-0-44-1, रबाडा 10-1-59-1, नोर्त्जे 8.5-0-60-0, महाराज 7-0-45-0, मारक्रम 3-0-22-0,

किशन ने घरेलू मैदान रांची में की छक्कों की बरसात

झारखंड के ईशान किशन ने इस मैच में 93 रन की विस्फोटक पारी खेलकर दर्शकों का दिल जीत लिया। किशन ने चार चौके और सात गगनचुंबी छक्के लगाए। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका उच्चतम स्कोर है। किशन हालांकि एकदिवसीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ने से चूक गये और ब्योर्न फोर्टिन की गेंद पर हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। शतक से चूक जाने पर किशन काफी निराश हुए और आउट होने के बाद कुछ क्षणों तक विकेट पर रुके रहे। महेंद्र सिंह धोनी के बाद किशन अपने घरेलू मैदान जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम रांची में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले झारखंड के दूसरे खिलाड़ी हैं। किशन का यह आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच है जबकि रांची में वह पहली बार खेले हैं।

पीकेएल: जयपुर, बेंगलुरु और बंगाल वॉरियर्स जीते

बेंगलुरु। अर्जुन देशवाल के शानदार प्रदर्शन से जयपुर पिंक पैंथर्स ने रविवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में पटना पाइरेट्स पर 35-30 से जीत दर्ज की। देशवाल ने 17 अंक बटोरे, जबकि रोहित गुलिया 11 अंकों के साथ पटना के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में उभरे। मैच की शुरुआत में पटना की टीम 6-3 से आगे थी लेकिन जयपुर ने वापसी करते हुए मध्यांतर तक अपनी बढ़त 18-14 कर ली। दूसरे हाफ में पटना के ऑल आउट होने से टीम की बढ़त 27-17 की हो गई। पटना ने हालांकि वापसी की कोशिश की लेकिन टीम हार के अंतर को ही कम कर सकी। एक और मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स ने तेलुगु टाइटंस को 45-25 के बड़े अंतर से हराया। बंगाल ने सीजन की पहली जीत हासिल कर ली है। उन्होंने अपना पहला मुकाबला आठ प्वाइंट के अंतर से गंवाया था, लेकिन अब इतने बड़े अंतर से जीत हासिल करके उन्होंने अपना स्कोर डिफरेंस भी अच्छा कर लिया है। हुई थी। बंगाल की तरफ से मनिंदर सिंह और दीपक हूडा दोनों ने सुपर 10 लगाए हैं। अन्य मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने पुनेरी पलटन को 41-39 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले सात मिनट में ही बेंगलुरु ने पुनेरी को ऑल आउट कर दिया था और 13-7 की बढ़त हासिल कर ली थी। असलम इनामदार लगातार अपनी टीम की वापसी की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले मैच के हीरो रहे मोहित गोयत बेरंग दिखे।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती जापान ग्रां प्री

करियर का दूसरा फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप खिताब

सुजुका। रेड बुल के मैक्स वर्स्टापेन ने अपने करियर की दूसरी फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप जीतते हुए रविवार को जापान ग्रां प्री में पहला स्थान हासिल किया। वर्स्टापेन ने सबसे पहले फिनिश लाइन करके जापान ग्रां प्री का खिताब जीता, जबकि दूसरे स्थान पर रेस समाप्त करने वाले फरारी के चार्ल्स लेक्लर्स पांच सेकेंड की पेनल्टी के बाद तीसरे स्थान पर रहे। लेक्लर्स पर लगी पेनल्टी के कारण वर्स्टापेन के हमवतन सर्जियो पेरेज को दूसरा स्थान हासिल हुआ।

वर्स्टापेन ने पूरी रेस के दौरान अपना दबदबा बनाये रखा। बारिश के कारण कुछ कारों के बीच टक्कर होने के बाद रेस को रोक दिया गया। दो घंटे के विलंब के बाद रेस पुनः शुरू हुई और वर्स्टापेन ने चार लैप पहले ही खिताब अपनी झोली में डाल लिया। वर्स्टापेन को इस रेस के लिये पूरे अंक दिये गए। एफआईए के नियमों के अनुसार, जब एक दौड़ को अनुच्छेद 57 के अनुसार निलंबित कर दिया जाता है, और फिर से शुरू नहीं किया जा सकता तो प्रतियोगी के अंकों में कटौती की जाती है। रेस को फिर से शुरू किया गया था, इसलिए वर्स्टापेन को पूर्ण अंक दिये गये। यह वर्स्टापेन के करियर का दूसरा फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2021 में भी यह खिताब जीता था।

करीबी मुकाबले में आठ रन से जीती इंग्लैंड

हेल्स (84) और बटलर (68) ने जड़े विस्फोटक अर्धशतक

पर्थ। इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स (84) और जॉस बटलर (68) के विस्फोटक अर्धशतकों के बाद मार्क वुड (34/3) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को पहले टी20 मैच में रविवार को आठ रन से मात दी।

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 20 ओवर में 209 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 200 रन तक ही पहुंच सकी। इंग्लैंड की जीत की नींव रखने के लिये हेल्स और बटलर ने पहले विकेट के लिये 68 गेंदों पर 132 रन की साझेदारी की। हेल्स ने 51 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 84 रन बनाये, जबकि चोट से वापसी करते हुए बटलर ने 32 गेंदों पर आठ चौकों और चार छक्कों के साथ 68 रन की पारी खेली। इंग्लैंड ने मध्यक्रम की असफलता के बावजूद 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाये और यह स्कोर ऑस्ट्रेलिया के लिए अप्राप्य साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैमरन ग्रीन (01) के आउट होने के बावजूद पावरप्ले में 62 रन जोड़े। डेविड वॉर्नर और मिशेल मार्श ने दूसरे विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की, हालांकि मार्श (36) का विकेट गिरने के बाद ऐरन फिंच (12) भी जल्दी पवेलियन लौट गए।

नोवाक जोकोविच बने अस्ताना ओपन चैंपियन

अस्ताना। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को फाइनल में स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 6-4 से हराकर अस्ताना ओपन पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। एक हफ्ते पहले खिताब जीतने वाले चौथे वरीय जोकोविच की यह लगातार नौवीं मैच जीत थी।

सितसिपास को 6-3, 6-4 से दी शिकस्त

35 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह 90वां टूर-स्तरीय खिताब था और इसके लिए उन्हें केवल 75 मिनट का समय लगा। तीसरी वरीयता ग्रीक सितसिपास नौवीं बार एटीपी 500 फाइनल में खेल रहे थे और उन्हें नौवीं बार हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच अब अपनी एटीपी सीरीज में 8-2 से बढ़त बनाए हुए हैं और पिछले सात मैच में जीत हासिल कर चुके हैं। जीत के बाद जोकोविच ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में खुद को शीर्ष 20 में शामिल किया।

फ्रिट्ज ने जीता जापान ओपन का खिताब

टोक्यो। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को दो सेट में 7-6, 7-6 से हराकर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। टियाफो ने फाइनल में पहुंचने से पहले लगातार 13 बार टाई-ब्रेकर मुकाबलों को जीता था लेकिन रविवार को फ्रिट्ज के आक्रामक खेल के आगे उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा। जीत के साथ, फ्रिट्ज ने एटीपी हेड टू हेड सीरीज में 5-1 से सुधार किया। इसके साथ, तीसरी वरीय फिट्ज एटीपी 500 इवेंट में 10वें अलग-अलग अमेरिकी एकल चैंपियन बन गए। फिट्ज ने मैच के बाद कहा, मुझे यहां जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह पिछले चार या पांच दिनों में बहुत तेजी से सेट गुजरे हैं। फिट्ज तीन स्थानों की छलांग लगाकर 8वें नंबर पर पहुंचकर शीर्ष 10 में पहुंचेंगे।

हमवतन टियाफो को 7-6, 7-6 से हराया

न्यूजीलैंड की त्रिकोणीय सीरीज में पहली जीत

बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च । डेवॉन कॉन्वे की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, बांग्लादेश की यह लगातार दूसरी हार है। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर महज 137 रन बना सकी। जबाव में न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में दो विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया।

पहले बबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश को पहला झटका महज 12 रनों को स्कोर पर लगा। मेंहदी हसन मिराज 5 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दूसरे विकेट के लिए नजमुल हौसेन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन टास ने 41 रनों की साझेदारी की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट खोने के कारण बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर महज 137 रन बना सकी। बांग्लादेश के लिए नजमुल हौसेन ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। इसके अलावा नरूल हसन और अफीफ हौसेन ने क्रमशः 25 और 24 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए मैन ऑफ द मैच माइकल ब्रेसवेल, टिम साउथी, ट्रेंट बोल्ट और ईस सोढ़ी को 2-2 कामयाबी मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ओपनर फिल एलेन 16 रन बनाकर पवैलियन लौट गए। वहीं, कप्तान केन विलियमसन ने 30 रन बनाए, लेकिन ओपनर डेवॉन कॉन्वे ने 51 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। इसके अलावा ग्लेन फ्लिप 9 गेंदों पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए शोरीफुल इस्लाम और हसन महमूद को 1-1 सफलता मिली। न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में 2 विकेट पर 142 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

ईश सोढ़ी ने रचा इतिहास

ईश सोढ़ी ने इस मुकाबले मे दो विकेट अपने नाम किया। सोढ़ी टी20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले मात्र 5वें गेंदबाज बने हैं। वहीं वह वर्ल्ड क्रिकेट के ऐसे पहले गेंदबाज बने हैं जिन्होंने टेस्ट और वनडे क्रिकेट में 100 विकेट पूरे करने से पहले क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में विकेट का शतक लगाया है।

लवलीना, जैसमीन और हुसामुद्दीन ने पदक पक्के किए

गांधीनगर। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और राष्ट्रमंडल गेम्स की पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और जैसमीन लेम्बोरिया की जोड़ी ने 36वीं नेशनल गेम्स की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपने-अपने मुकाबले जीतकर एक-एक पदक सुनिश्चित किया। इन सभी ने रविवार को यहां महात्मा मंदिर में क्वॉर्टरफाइनल में आराम से जीत दर्ज की। रेफरी ने रुचिता के मुकाबले को महाराष्ट्र की सानिका सासाने के खिलाफ रोक दिया, जिन्होंने शुरुआती दौर में उन्हें चोटिल कर दिया था। सैयद ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में झारखंड के जादोव देवगम के खिलाफ एक आरामदायक 4-1 से जीत दर्ज की। अब वह विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच (हरियाणा) से भिड़ेंगे, जिन्होंने खून से लथपथ क्वॉर्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ के एस साहिल के खिलाफ बाधा पार की। विश्व चैंपियनशिप और कई एशियाई पदक विजेता शिव थापा (असम) ने पंजाब के विकास पर 5-0 से जीत दर्ज करके एक उपयोगी दिन का आनंद लिया। महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सिमरनजीत कौर (पंजाब) ने भी मिजोरम की क्रोशमंगई हसांगी पर 5-0 की आसान जीत के साथ अंतिम-चार चरण में जगह बनाई।

पहली बार पिता बने नडाल, बेटे का जन्म

नई दिल्ली। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल पहली बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी मारिया फ्रांसिस्का पेरेलो ने बेटे को जन्म दिया है। स्पेन के फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से ट्वीट करके नडाल और उनकी पत्नी को बधाई दी। रियल मैड्रिड ने ट्विटर पर लिखा कि हमारे प्रिय सदस्य राफेल नडाल और मारिया पेरेलो को उनके पहले बच्चे के जन्म पर बधाई। हम इस खुशी के पल में आपके साथ हैं। शुभकामनाएं। राफेल नडाल और मारिया की शादी तीन साल पहले अक्टूबर 2019 को हुई थी। इसमें सिर्फ करीबी लोगों को बुलाया गया था। उससे पहले जनवरी में दोनों ने इंगेजमेंट की घोषणा की थी। नडाल और मारिया 2005 से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन उससे पहले से ही दोनों की पहचान है। मारिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वह नडाल के मैचों में भी काफी कम नजर आती हैं।

एशिया कप: थाईलैंड व भारत के बीच होगी भिड़ंत

सिलहट। सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद भारतीय टीम सोमवार को महिला एशिया कप मुकाबले में मजबूत इरादों वाली थाईलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंतिम एकादश में प्रयोग करना जारी रखने की होगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैचों में अलग अलग अंतिम एकादश उतारी है ताकि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन खिलाड़ियों को मौका दिया जा सके जो अंतिम एकादश में नियमित तौर पर नहीं खेलते। बल्लेबाजी क्रम में लगातार फेरबदल किया जा रहा है जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में सातवें स्थान पर उतारा गया था लेकिन यह कदम कारगर नहीं रहा और नए लुक वाला मध्यक्रम दबाव में ढह गया जिससे टीम को घिर प्रतिद्वंद्वी से छह साल में पहली हार झेलनी पड़ी।

आईपीएल से प्रेशर फील होता है तो मत खेलो

कपिल देव ने खिलाड़ियों को फटकार लगाते हुए दी समझाइश

नई दिल्ली। 1983 में विश्व कप विजेता भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव ने आईपीएल के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने से किसी भी तरह का दबाव महसूस होता है तो उन्हें इस लीग को नहीं खेलना चाहिए।

कपिल देव ने आधुनिक क्रिकेट में खिलाड़ियों के प्रेशर से जूझने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में अपने मन की बात कही है। लगातार खेले जा रहे क्रिकेट के इस दौर में वर्कलोड मैनेज करने के लिए खिलाड़ियों को समय-समय पर आराम भी दिया जाता है लेकिन बड़े टूर्नामेंट से पहले उनके चोटिल हो जाने कारण विवाद उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा, जब मैं खेलता था तो मुझमें जुनून था। आज के क्रिकेटर कहते हैं कि आईपीएल में खेलने के कारण उन पर काफी दबाव है लेकिन मैं यह कहता हूं कि अगर ऐसा है तो आप इसमें मत खेलिए। नहीं खेलेंगे तो आप पर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दबाव नहीं होगा। वहीं अगर आप में जुनून हैं, तो किसी भी तरह का प्रेशर नहीं होना चाहिए।

पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि यह प्रेशर और डिप्रेशन यह सब अमेरिकन शब्द है। वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा, मैं यह सब नहीं समझता हूं, मैं किसान हूं और वही चीजें जानता हूं। अगर अपने खेल को इंजॉय करते हैं तो आपको प्रेशर फील नहीं होता है। कपिल देव के इस बयान के बाद अब बहस भी छिड़ गई है। कई लोगों का मानना है कि कपिल देव ने जो कहा वह पूरी तरह से ठीक है जबकि कुछ का मानना है कि उनका यह बयान पीढ़ियों अंतर है, जो सोच में अंतर बताता है।

ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल होने का प्रयास कर रहे सूर्यकुमार

पर्थ। भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से पूर्व ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले अभ्यास सत्र के बारे में कहा कि वह बेहद उत्साहित थे लेकिन उन्होंने वातावरण में ढलने का प्रयास किया। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई द्वारा रविवार को ट्वीट की गयी एक वीडियो में कहा, 'मैं वास्तव में यहां आने और पहले अभ्यास सत्र में भाग लेने, मैदान पर जाने, दौड़ने और यह देखने के लिए उत्सुक था कि यहां माहौल कैसा है। पहला नेट सत्र वास्तव में अच्छा था। मैं सिर्फ यह देखना चाहता था कि विकेट की गति और उछाल कैसा है, इसलिए जाहिर तौर पर शुरुआत थोड़ी धीमी है। थोड़ा उत्साह था लेकिन साथ ही वातावरण के अनुकूल होना और अपनी प्रक्रिया का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों में रन बनाने के लिये रणनीतियों में बदलाव की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, अभ्यास के दौरान विकेट की उछाल, गति और मैदान के बड़े आयामों को ध्यान में रखते हुए रन बनाने के तरीके पर योजना तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारत को टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले 17 अक्टूबर को ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और 19 अक्टूबर को उसी मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने हैं। भारत 23 अक्टूबर को मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा।

मीडिया ओलंपिक 15 एवं 16 अक्टूबर को

लखनऊ, (ब्यूरो)। मीडिया से जुड़े लोगों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए पहली दफा 'मीडिया ओलंपिक' का आयोजन 15 एवं 16 अक्तूबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जा रहा है। इसमें मीडिया के किसी भी माध्यम से जुड़े लोग और उनके परिवार के सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मीडिया ओलंपिक में एथलेटिक्स, फुटबाल शूट आउट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और रस्साकसी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

पाकिस्तानी नौसैनिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पोरबंदर, (एजेंसी)। गुजरात पुलिस ने अरब सागर में सात भारतीय मछुआरों के अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में पाकिस्तानी नौसेना के 20 से 25 कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना छह अक्टूबर को शाम पांच बजे के आसपास तब हुई, जब हरसिद्धि नामक भारतीय नौका पर सवार चालक दल के सात सदस्य जखाऊ तट पर भारतीय जलक्षेत्र में मछलिया पकड़ रहे थे।

32 वें दिन तुमकुर पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

तुमकुर (कर्नाटक), (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा के पद यात्रियों ने रविवार को 32 वें दिन 20 किमी से ज्यादा की यात्रा तय की। यात्रा सुबह कर्नाटक में तुमकुर जिले के तिपतुर से 6.30 बजे चले और 11 बजे जिले के चिक्कनायकहल्ली के कनक भवन में दोपहर का भोजन और विश्राम के लिए रुके। सुबह की पाली में 13 किमी से ज्यादा यात्रा तय करने के बाद यात्रियों ने शाम की पाली में छह किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा तय की और यात्री रात के पड़ाव के लिए चिक्कनायकहल्ली के पोचकट्टे पहुंचे।

कांच के टुकड़े मिलने की जांच करेगा डोमिनोज

मुंबई, (एजेंसी)। मुंबई के एक व्यक्ति द्वारा डोमिनोज पिज्जा में कथित रूप से पाए गए कांच के टुकड़ों की तस्वीरें मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करने के एक दिन बाद, कंपनी ने घटना की जांच के आदेश दिए। ग्राहक अरुण कोल्लरी ने पिज्जा आउटलेट द्वारा बेचे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें ऑनलाइन ऑर्डर किए गए पिज्जा में कांच के टुकड़े मिले, मुंबई पुलिस ने उसे सलाह दी कि वह किसी भी कानूनी कार्रवाई से पहले डोमिनोज के कंज्यूमर केयर को लिखें। डोमिनोज के प्रवक्ता ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा कि इसकी गुणवत्ता टीम ने पिज्जा आउटलेट की जांच की, लेकिन कोई खामियां नहीं मिलीं। संचार के विभिन्न चैनलों के माध्यम से मामले के तथ्यों का पता लगाने के लिए कंपनी ने पीड़ित ग्राहक से भी संपर्क किया।

आज का इतिहास

- **1756:** ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुनः कब्जे के लिए मद्रास से कूच किया।
- **1868:** क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
- **1906:** भारतीय उपन्यासकार आर. के. नारायण का जन्म।
- **1910:** वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था।
- **1942:** सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
- **1964:** टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।
- **1970:** फिजी ने स्वतंत्रता हासिल की।
- **1971:** अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया।

दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने दिया इस्तीफा

राम-कृष्ण को न मानने का किया था ऐलान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की आप सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने रविवार को अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

बीते दिनों उन्हें एक कार्यक्रम में भाग लेते देखा गया था, जहां लोगों ने कई हिंदू-देवताओं का बहिष्कार करने की शपथ ली थी। इसको लेकर भाजपा आप सरकार पर हमलावर थी।

राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि इस घटना के बाद से मनुवादी मानसिकता के लोग मुझे और मेरे परिवार को धमकी दे रहे हैं। मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं। मैं अपने समाज के हक की लड़ाई आगे भी लड़ता रहूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरी वजह से पार्टी पर कोई आंच आए।

बता दें कि, 5 अक्टूबर को गौतम ने खुद ट्विटर पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने कहा था कि दस हजार से अधिक लोगों ने बौद्ध धर्म अपनाने और भारत को जातिवाद व छुआछूत से मुक्त कराने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

चित्रकूट में ग्रामोदय मेले प्रदर्शनी का शुभारंभ

चित्रकूट, (एजेंसी)। दीनदयाल शोध संस्थान प्रांगण चित्रकूट में आयोजित ग्रामोदय मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (भारत सरकार) भोपाल द्वारा चार दिवसीय 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित की जाने वाली भव्य चित्र प्रदर्शनी का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। ग्रामोदय प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया।

सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्रित भव्य चित्र प्रदर्शनी

इस अवसर पर उन्होंने कहा पिछले आठ वर्षों में इस सरकार ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में लाभ हुआ है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5जी सेवा का शुभारंभ देश में किया गया है। इसके अंतर्गत आने वाले दो वर्षों में भारत के गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के माध्यम से तेज गति की इंटरनेट व्यवस्थाएं गांव को मिलेंगी जिससे कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक का लाभ प्राप्त होगा ।

वाल्मीकि समाज के हितों के लिए गठित किया गया आयोग : सीएम

लखनऊ, (ब्यूरो)। उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ जी रविवार को यहां महर्षि वाल्मीकि आश्रम, परिवर्तन चौक पर आयोजित आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाइयों को भी सुना। मुख्यमंत्री का महर्षि वाल्मीकि का चित्र एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया।

सीएम ने महर्षि वाल्मीकि की पावन जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज शरद पूर्णिमा का पावन पर्व भी है। मान्यता है कि पूनम का चन्द्रमा सबसे अधिक चमकीला दिखाई देता है और धरती के सबसे नजदीक होता है। इसका अपना आध्यात्मिक महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें वाल्मीकि जन्मोत्सव समिति से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा वाल्मीकि समुदाय से जुड़ी समस्याओं का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा वाल्मीकि समाज के हितों के लिए एक आयोग गठित किया गया है। इस आयोग का चेयरमैन वाल्मीकि समुदाय के व्यक्ति को बनाया गया है।

पाक,जर्मनी की टिप्पणियों पर भारत ने दिया करारा जवाब

जर्मनी भी अलापने लगा कश्मीर पर राग

नईदल्ली ■ एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जर्मनी और पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर के मसले पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने जर्मनी और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों द्वारा जम्मू-कश्मीर पर की गई टिप्पणियों पर कहा है कि वैश्विक समुदाय के अहम और कर्तव्यनिष्ठ सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को खत्म करने के लिए भूमिका निभानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि वैश्विक समुदाय के सभी गंभीर सदस्यों की अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने की भूमिका और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर दशकों से इस तरह के आतंकवादी गतिविधियों का खामियाजा भुगत रहा है।

आतंकवाद रोकने की जरूरत: विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह अब तक जारी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का शिकार विदेशी नागरिक भी हुए हैं। बागची ने बयान में कहा कि जब कोई देश ऐसे खतरों को नहीं पहचानते हैं। वह निजी स्वार्थ या उदासीनता के कारण शांति को कमजोर करते हैं और इसे रोकने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे देश आतंकवाद के शिकार लोगों के साथ घोर अन्याय भी करते हैं।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया था मुद्दा: बता दें कि कुछ दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद के मसले पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा था कि आतंकवाद के किसी भी कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में आतंकियों का बचाव करने वाले देश ना तो अपने हितों और ना ही अपनी प्रतिष्ठा को ध्यान में रख रहे हैं।इसके साथ ही विदेश मंत्री ने आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को सीधी चेतावनी भी दी थी। उन?होंने कहा था कि भारत सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों और आतंकियों को बचाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

पाक का नया पैंतरा: कश्मीर में अफगान आतंकियों की घुसपैठ की फिराक में

नई दिल्ली, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की चुनौती कम नहीं हो रही है। सुरक्षा बलों की आंतरिक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि आईएसआई लगातार घाटी में आतंकी घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा है। खासतौर पर अफगान आतंकियों को घाटी में भेजने की कोशिश की जा रही है ताकि अगर कोई बड़ा हमला हो तो पाक खुद जिम्मेदारी लेने से बच सके। सुरक्षा बल से जुड़े सूत्रों ने कहा कि घाटी में स्थानीय और विदेशी आतंकियो की एक निश्चित संख्या बनी हुई है। यह जैसे ही 200 से नीचे जाती है, पाककी तरफ से किसी भी तरह से घाटी में घुसपैठ कराने की कोशिश होती है। स्थानीय और विदेशी आतंकियों की अलग अलग संख्या की जानकारी रिपोर्ट में नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, घाटी में अफगान आतंकियों को भेजने की लगातार कोशिशें पाक खुफिया एजेंसी कर रही हैं। कई बार सीमा पार अफगान आतंकियों की हलचल देखी गई है। हालांकि, अभी तक उनकी कोशिशें बहुत कामयाब नहीं रही हैं। फिर भी एजेंसियां इसे अपने लिए बड़ी चुनौती मानकर काउंटर रणनीति पर काम कर रही हैं।

50 हजार करोड़ के विशेष पैकेज से बदल रही है लद्दाख की सूरत

- उपराज्यपाल माथुर ने मीडिया दल से की मुलाकात
- विकास संबंधी कई योजनाओं का किया उल्लेख

लेह, (आरएनएन)। तीन साल पहले एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख कई पहलुओं में आगे बढ़ा है। पिछले तीन वर्षों में बिजली, मोबाइल और सड़क संपर्क में जबरदस्त सुधार हुआ है। जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के साथ 58 प्रतिशत से अधिक घरों को उनके दरवाजे पर पीने योग्य पानी मिल रहा है, जो लद्दाख में कड़ाके की ठंड के दौरान अकल्पनीय था। यह बात लद्दाख के उपराज्यपाल आरके माथुर मीडिया दल के साथ बातचीत कही।

पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर द्वारा 09 से 18 अक्टूबर तक लद्दाख के लिए 10 दिनी प्रैस टूर की शुरुआत रविवार को लद्दाख के उपराज्यपाल आरके माथुर से मुलाकात के साथ हुई। उपराज्यपाल माथुर ने रविवार को लेह में राजस्थान और मप्र से आए मीडिया दल के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए 50 हजार करोड़ के विशेष पैकेज के साथ लद्दाख केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। श्री माथुर ने कहा कि लगभग तीन साल पहले नया केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में विकास संबंधी कई योजनाओं पर काम शुरू हुआ है। लद्दाख कई पहलुओं में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कुछ पायलट परियोजनाओं ने भूतापीय और सौर ऊर्जा परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को आगे बढ़ाने के लिए आशाजनक परिणाम दिए हैं। इनको मंजूरी मिलने के बाद लद्दाख क्षेत्र में लगभग एक लाख करोड़ का निवेश आएगा।

उन्होंने कहा कि लेह और कारगिल में यूटी प्रशासन और एलएएचडीसी होम स्टे जैसी योजनाओं के साथ संसाधनों पर दबाव कम करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए पर्यटन क्षेत्र को विकेंद्रीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में की गई पहल के बारे में भी बताया, जैसे सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त करना वर्तमान समय की मांगों को पूरा करने के लिए स्कूलों का युक्तिकरण, बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रों के लिए टैब की शुरुआत महत्वपूर्ण है। प्रेस सचिव डॉ पवन कोतवाल, सचिव सौगत विश्वास, कचो महबूब अली खान और पद्मा अंगमो ने भी मीडिया कर्मियों से बातचीत में भाग लिया। पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के उपनिदेशक श्री पवन सिंह फौजदार सहित मीडियाकर्मी मौजूद रहे। विभिन्न विकास गतिविधियों, कार्यक्रमों और योजनाओं को समझने के लिए लेह और कारगिल के दौरे के लिए एक 15 सदस्यीय राजस्थान व मध्यप्रदेश मीडिया टीम लद्दाख में है।

जस्टिस चंद्रचूड़ पर देश को पूरा विश्वास है : बीसीआई

जस्टिस चंद्रचूड़ के खिलाफ शिकायत दुर्भावनापूर्ण निराधार, सस्ती लोकप्रियता पाने का हथियार है...

नई दिल्ली, (एजेंसी)। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट या उसके जज की छवि खराब करने की कोशिश की कड़ी निंदा की। काउंसिल ने कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसे रोकना होगा। आरके पठान ने तथाकथित सुप्रीम कोर्ट एंड हाईकोर्ट लिटिगेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष होने का दावा करते हुए न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पठान का पत्र वायरल किया जा रहा है जिसमें मुंबई के दो-तीन अधिवक्ता भी हैं। काउंसिल के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है यह जानबूझकर और सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए किया जा रहा है क्योंकि, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति होनी है। बार काउंसिल ने 165 पन्नों के इस लंबे पत्र की जांच की। पाया कि यह न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। हैरानी की बात यह है कि शिकायत में आरके पठान का कोई विवरण नहीं दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट बार के कुछ वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि यह वही आरके पठान (राशिद खान पठान) है जिन्हें अप्रैल, 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना का दोषी पाया था।

लालू फिर से बने राजद अध्यक्ष बैठक में अव्यवस्था का माहौल

तेज गुस्से में निकले बोले- श्याम रजक ने मुझे गाली दी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को यहां पार्टी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को पार्टी का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उनका निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया।श्री यादव 12वीं बार पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं। राजधानी के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस बैठक में सरकार की विदेश एवं आर्थिक नीति की आलोचना की गई।

बैठक के दौरान कई बार भारी अव्यवस्था का माहौल नजर आया। श्री यादव के पुत्र और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के भाई तेजप्रताप यादव बैठक से यह कहते हुए वॉकआउट कर गये कि उन्हें उनके निजी सहायक और उनकी बहन को राजद के महासचिव श्याम रजक ने गाली दी। जबकि उन्होंने केवल बैठक की कार्यक्रम और एजेंडा के बारे में श्री रजक से जानकारी लेनी चाही थी, इसपर उन्होंने उन्हें गाली दी। उनके पास इसका ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है जिसे वह इसे जनता के सामने खोलेंगे। श्री रजक जैसे भाजपाई और आरएसएस के लोगों को राजद से बेदलखल होना चाहिए। वहीं श्याम रजक बोले, मुझे केवल एक चीज कहनी है समरथ के होता ना कोई दोष गोसाई। दरअसल श्री रजक का कहना था कि जो समर्थ है उसे कुछ भी बोलने का अधिकार है।

बैठक में बिहार राजद के अध्यक्ष जगदानंद सिंह के ना दिखने के भी चर्चा थी। श्री सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह ने हाल में पार्टी के दबाव के बीच मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया जिसे बाद में मंजूर कर लिया गया।

आम भक्तों की सुविधा के लिए वीआईपी ब्रेक दर्शन समय में प्रायोगिक परिवर्तन

तिरुमाला,(एजेंसी)। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारी ने बताया कि आम भक्तों के लाभ के लिए दो बड़ी पहल की घोषणा की। इनमें कमरे आवंटन तंत्र को तिरुपति में भेज देना और आम भक्तो की सुविधा के लिए वीआईपी ब्रेक दर्शन समय में प्रायोगिक बदलाव शामिल है। इसी तरह सुबह-सुबह श्रीवारी दर्शन पाने के लिए कक्षों में रात भर इंतजार कर रहे आम भक्तों के लाभ के लिए, टीटीडी वीआईपी ब्रेक दर्शन घंटे को सुबह 10.00 बजे से कर देगा।

बहराइच में करंट से छह की मौत, तीन घायल

जुलूस के वाहन से छुआ बिजली का तार

बहराइच ■ ब्यूरो

उत्तर प्रदेश के में बारावफात के जुलूस का एक वाहन हाई टेन्शन लाइन के तार की चपेट में आने से वाहन में सवार छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य बुरी तरह से झुलस गए। रविवार को तड़के यह हादसा उस समय हुआ जब नानपारा क्षेत्र में बाराबफात के जुलूस में चल रहे एक ठेले में लगा लोहे का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इसकी चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र केभगड़वा मासूपुर गांव की है।बताया जा रहा है कि बीती रात आयोजित हुए बारावफात के जुलूस से ये लोग वाहन में सवार होकर लौट रहे थे। जब वह नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मसूकपुर गांव के पास पहुंचे। तभी जुलूस ठेले में लगा लोहे का पाइप बिजली के हाईटेंशन तार से टकरा गया। हादसे में अशरफ अली (24), अरफाक (08), इलियास (18), शफीक (14) मौके पर मौत हो गई। इसके अलावा तीन लोग बुरी तरह से झुलस गए।सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में उपचार के लिए पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान तबरेज (17) व मुराद (15) की मौत हो गई।

नहरों में सिल्ट सफाई का अभियान चलाए : सिंह

लखनऊ, (ब्यूरो)। कैबिनेट मंत्री, जलशक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उप्र स्वतंत्रदेव सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में मंत्री ने आगामी रबी फसल की बोआई के दृष्टिगत नहरों में सिल्ट सफाई का कार्य अभियान चलाकर कराए जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने नहरों की सफाई से निकलने वाले सिल्ट को नहर की पटरी पर व्यवस्थित ढंग से रखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने नहरों की पटरियों को भी ठीक कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने नहरों में टेल तक पानी अनिवार्य रूप से पहुंचाये

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव — शशि थरूर से मुकाबले पर मल्लिकार्जुन खड़गे बोले

एक घर में दो भाई, जो अपनी बात रख रहे

श्रीनगर ■ एजेंसी

कांग्रेस में 22 साल बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होने जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच ये मुकाबला है।

इसे लेकर दोनों उम्मीदवार तेजी से प्रचार कर रहे हैं। इस बीच, मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। उन्होंने पहले श्रीनगर में और दोपहर जम्मू में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान खड़गे ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए शशि थरूर के साथ उनके मुकाबले का मकसद देश और पार्टी की बेहतरी के लिए अपने विचार रखना है।

यह आंतरिक चुनाव है: कांग्रेस नेता -80 वर्षीय खड़गे ने श्रीनगर में कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रतिनिधियों (डेलीगेट) के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही और उनसे एआईसीसी अध्यक्ष चुनाव के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा, ÷यह आंतरिक चुनाव है। यह एक घर में ऐसे दो भाइयों की तरह है, जो लड़ नहीं रहे हैं, बल्कि अपनी बात रख रहे हैं और एक-दूसरे को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

सवाल यह है कि साथ मिलकर क्या कर सकते हैं: खड़गे- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनाव प्रचार का मकसद ये नहीं है कि कोई विशेष उम्मीदवार पार्टी का अध्यक्ष बनने पर क्या करेगा, बल्कि यह है कि वे साथ मिलकर क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है, सवाल ये नहीं है कि मैं क्या करूंगा। सवाल ये है कि हम दोनों मिलकर देश और पार्टी के लिए क्या करेंगे, यह अहम है।÷

अध्यक्ष बना, तो पार्टी के उदयपुर मैनिफेस्टो को लागू करूंगा- खड़गे ने कहा कि आज देश का माहौल बिगड़ रहा है और हमें इसे शांति और एकजुटता से मजबूत बनाना है। इसलिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। खड़गे ने कहा कि अगर वह अध्यक्ष चुने जाते हैं, तो पार्टी के उदयपुर मैनिफेस्टो को लागू करेंगे।

शरद पवार के बयान पर भाजपा बिफरी

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के बॉलीवुड को लेकर दिए गए बयान के बाद बवाल मच गया है। बीजेपी ने बयान की निंदा करते हुए पूछा है कि आखिर वोट बैंक के नाम पर कला और सिनेमा को क्यों विभाजित किया जा रहा है। मालूम हो कि एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवार ने शनिवार को कहा था कि मुस्लिम अल्पसंख्यकों ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा योगदान दिया है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ट्वीट किया, दादासाहेब फाल्के, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोसले, स्मिता पाटिल, माधुरी दीक्षित आदि का क्या?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, तो आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन कला और सिनेमा का धर्म होता है पवार साहब? लेकिन हम उस पार्टी से क्या उम्मीद कर सकते हैं, जिसके मंत्री नवाब मलिक डी कंपनी के साथ संबंधों के लिए जेल में हैं।

भदोही अग्निकांडः मृतकों के परिजनों को दो लाख व घायलों को मिलेगा 50 हजार

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अग्निकांड के पीड़ित परिवारों के लिए धनराशि स्वीकृत, जिलाधिकारी की अपील पर लोगों ने अब तक दिया तक 25 लाख का दान

प्रखर भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही अग्निकांड में पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मुआवजे की सुकृति दी। शासन ने मृतकों परिजनों के लिए दो-दो लाख और अग्निकांड में झुलसे लोगों को ?50-50 हजार के सहयता की घोषणा की है। अब तक इस हादसे में 12 लोग जान गवां चुके हैं जबकि 70 का इलाज चल रहा है।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक इस हादसे में पीड़ित लोगों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं। जनपद वासियों से अपील के माध्यम से अब तक ?25 लाख जुटा लिए गए हैं। यह पैसा रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से एकत्रित कर पीड़ितों के इलाज पर खर्च किया जा रहा है। युवा जिलाधिकारी गौरांग राठी की एक अपील पर जनपद के लोग अग्निकांड में पीड़ित लोगों के लिए खुलकर मदद कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन से मृतकों के लिए दो-दो लाख और अग्निकांड में झुलसे लोगों को ?50 हजार के सहयता की घोषणा की है। 50 हजार की सहायता जिला प्रशासन रेडक्रास सोसाइटी की तरफ से जुटाए जा रहे पैसे से उपलब्ध कराएगा।

जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार बीएचयू ट्रामा सेंटर और दूसरे अस्पतालों में भर्ती मरीजों को रात-रात जाकर देख रहे हैं। तीमारदारों से बातचीत कर उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। डॉक्टरों से बातचीत कर परामर्श किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा तिमारदारों से बात कहा गया है कि घबराए नहीं जिला प्रशासन आपकी पूरी मदद के लिए तैयार खड़ा है। जिलाधिकारी की अपील पर सिर्फ 24 घंटे में 24 लाख रुपए जुटा लिए गए। सबसे अधिक पांच लाख रुपए का सहयोग सपा विधायक जाहिद जमाल बेग ने किया है। उन्होंने जिलाधिकारी को पांच रुपया दिया है। जिले के लोग खुल कर मदद कर रहे हैं जिसमें राजनेता, अधिकारी, ग्रामप्रधान, कालीन निर्यातक, व्यापारी और आम लोग शामिल हैं। औराई के नराथुवा गांव में स्थापित पूजा पंडाल में हाईलोजन लाइट के गर्म होने से पूजा पंडाल में 02 अक्टूबर को रात करीब 9:00 आग लग गयीं थी। इस दौरान पंडाल में तकरीबन डेढ़ से 200 लोग मौजूद थे। आग की लपटों से घिरने की वजह से 80 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे। अब तक इलाज के दौरान 12 लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें करीब पांच बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। अब तक मरने वालों में प्रियल (16) पुत्री अवधेश, बारी औराई, प्रीति (17) पुत्री नन्दलाल, राजापुर औराई के आलवा अशोक यादव (35) पुरुषोत्तमपुर, सीमा बिंद (25) पुत्री शंकर बिंद, मंजू देवी (40) पत्नी सुरेश विश्वकर्मा, राम मूरत (65) सहसेपुर, शिवपूजन (70) अंकुश सोनी पुत्र दीपक (12), जेठूपुर, जया देवी पत्नी रामापति (45) पुरुषोत्तमपुर और नवीन उर्फ उज्जवल (10) पुत्र उमेश, निवासी बारी, आरती चौबे (48) हर्षवर्धन (8) औराई की आग की चपेट में आने मौत हो गयी है। अग्निकांड में गंभीर रूप से झूलसे 70 लोगों का इलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर, कबीर चौरा, प्रयागराज, सूर्या ट्रामा सेंटर, जीवनदीप और जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह में इलाज चल रहा है। कई लोगों को इलाज के बाद छुट्टी भी दे दी गई है। हालांकि अभी मौत का आकड़ा बढ़ सकता है।

अर्बन हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर में लगा बीएमडी कैम्प, 300 मरीज हुए लाभान्वित

प्रखर शाहगंज जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम मजडीहा स्थित अर्बन हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर में आथोर्पेडिक सर्जन डॉक्टर सुधांशू चित्रवंशी की देख रेख में बीएमडी निःशुल्क कैम्प लगाया गया।जिसमें लगभग तीन सौ मरीजों की हड्डियों की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर हॉस्पिटल के डॉक्टर सुधांशू चित्रवंशी ने बताया की बोन मिनिरल डेन्सिटी की टेस्ट हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए करवाया जाता है।जिससे आस्टियोप्रोसिस की पहचान कर सकते हैं और हड्डियों के डेन्सिटी को परखा जाता है साथ ही हड्डियों की कमजोरी की वजह का पता लगाया जाता है।जिसके आधार पर मरीज का सही उपचार किया जाता है। कैम्प में डॉक्टर हिमांशू चित्रवंशी, अंकेश यादव, दिलीप प्रजापति, देवब्रत प्रजापति, दिनेश यादव, अंकित राजभर, उर्फी, साक्षी शोएब इदीरसी, उजैर अंसारी, अमित विश्कर्मा, सुजीत भारद्वाज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गोरक्षक ने फिर बचाई एक गाय की जान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के गोरक्षक के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी सुल्तान अहमद ने वाहन के धक्के से घायल व जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे गाय का उपचार कराने के साथ उसको नया जीवनदान दिया। बताते है कि फूलपुर स्थित एक अस्पताल के समीप रात्रि में अज्ञात वाहन के धक्के से एक गाय घायलावस्था में पड़ा हुआ था। सोमवार को सुबह गोसेवक सुल्तान अहमद को जब जानकारी मिली तो वह अपने सहयोगियों के साथ उसे किसी तरह गड्ढे से बाहर निकाला और उसका मरहमपट्टी कर उपचार किया। उसके बाद थाना गांव स्थित गोआश्रय स्थल पर छोड़ा। अब तक सुल्तान अहमद दर्जनो गोवंशों को जीवन दे चुके है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर किया शोक व्यक्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोरिक चट्टी पलवल ग्राम सभा में सामाजिक कार्यकताओं ने भारत के पूर्व रक्षा मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक सभा में समग्र विकास इंडिया के प्रवक्ता गुल्लू सिंह यादव ने बताया कि मुलायम सिंह यादव के निधन से एक सामाजिक विचारधारा के पुरोधा की कमी हमेशा हमेशा के लिए महसूस होती रहेगी। श्री मुलायम सिंह यादव जी एक बार भारत के रक्षा मंत्री और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए बहुत कुछ वेवाक निर्णय लेने के लिए जाने जाते थे। इन्होंने अपने रक्षा मंत्री के कार्यकाल में सेना के जवानों का शहीद होने पर शव को उनके घरों तक पहुंचाने का निर्णय लिया था जो आज भी लागू है। इससे पहले सेना के जवानों का वहीं पर दाह संस्कार कर दिया जाता था। मुलायम सिंह यादव जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए सभी विभागों में हिंदी में कार्य करने का निर्णय लिया था इससे पहले सरकारी विभागों में केवल अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता था। उक्त शोक सभा में राम नवल यादव, निजामुद्दीन सिद्दीकी , अमरनाथ यादव, अमरनाथ, शिव कुमार यादव, बहादुर बिंद, वकील राम, राहुल कनौजिया, आदि लोग उपस्थित थे।

कार्यकताओं पर हमला किसी शर्त पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता- प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनिया ग्राम के पूर्व प्रधान एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अशोक गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर आज भाजपा एवं व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल भुड़कुड़ा कोतवाल राजू दिवाकर से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कोतवाल से घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी हमलावर दिनेश कुशवाहा को गिरफ्तार न किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि यह हमला किसी व्यक्ति पर नहीं हुआ है सीधे पार्टी पर हुआ है। अपराधी शातिर किस्म का है। पूर्व में भी घटनाओं में संलिप्त रहा है। उसकी गिरफ्तारी निश्चित रूप से जल्द से जल्द होनी चाहिए। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कार्यकताओं पर हमला किसी शर्त पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। घटना के 4 दिन हो गए हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी है यह उचित नहीं है। लोगों का कहना है अपराधी अवैध रूप से रेलवे की जमीन अधिग्रहण कर रेस्टोरेंट्स चलाता है और अपराधियों को प्रश्रय देता है। कई मामलों में वह वांछित है, निश्चित रूप से ऐसे घृणित मानसिकता के अपराधियों के खिलाफ पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पर अफसोस अभी भी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है। पार्टी के लोगों ने कोतवाल को 3 दिनों का समय दिया और कहा कि जल्द से जल्द अपराधी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो अन्यथा आगे की रणनीति बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और व्यापारी मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, ग्राम प्रधान नंदू गुप्ता, महामंत्री द्वय धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि झुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान रामाधार गुप्ता, दयाशंकर सिंह, कैलाश वर्मा, अटल सिंह, सचिन चौरसिया, गोपाल गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, विजय मद्धेशिया, श्रवण गुप्ता, सुदामा यादव, विक्की शर्मा, सोनू सिंह, कमलेश यादव, धीरेंद्र सिंह, खरचु गुप्ता, शिव सिंह, यशवंत चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, बंटी गुप्ता, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

टीबी एवं पीएलएचआईवी मरीजों में वितरित हुआ पोषण सामग्री

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। महात्मा गांधी के जन्मदिन के 1 सप्ताह तक दान उत्सव मनाया जाता है। जिसको लेकर आज क्षय रोग विभाग व ज्योति ग्रामीण संस्थान के द्वारा टीबी मरीज वह पीएलएचआईवी मरीजों में पोषण से संबंधित किट वितरण करने का कार्य किया गया। ताकि यह लोग भी स्वस्थ होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला कार्यक्रम समन्वयक मिथिलेश सिंह ने बताया कि टीबी के मरीज जिनका इलाज उनके विभाग के द्वारा किया जाता है। और उन्हें समय-समय पर विभाग के द्वारा देखरेख भी किया जाता है। इसके अलावा मौजूदा समय में टीबी मरीजों को जनपद के संभ्रांत नागरिकों एवं संस्थाओं को गोद लिए जाने का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ज्योति ग्रामीण संस्थान के द्वारा पांच टीवी मरीजों को गोद लिया गया है। इसके अलावा पीएलएचआईवी मरीज जिन का इलाज जिला अस्पताल के एआरटी सेंटर से किया जाता है। एवं उनकी देख केअर एंड सपोर्ट सेंटर (सीएससी) के द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज महात्मा गांधी के जन्मदिन के बाद चलने वाले दान उत्सव कार्यक्रम के तहत ज्योति ग्रामीण संस्था के द्वारा जो 5 मरीजों को गोद लिया गया था। इसके अलावा अन्य मरीजों को जिनकी कुल संख्या 42 थी उन्हें इस संस्था के माध्यम से पोषण सामग्री का वितरण किया गया। ताकि वह स्वस्थ होकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकें। साथ ही साथ प्रधानमंत्री के द्वारा जो 2025 तक टीबी मुक्त भारत का सपना देखा गया है वह भी पूरा किया जा सके। इस कार्यक्रम में केयर एंड सपोर्ट सेंटर के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आरती सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज सिंह, टीआई प्रोजेक्ट मैनेजर अजय कुमार, डॉ. दिनेश सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी, पीजी कॉलेज, वेंकटेश्वर प्रसाद शर्मा, सुरेश सिंह यादव, मुरली मनोहर वर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

बनवासी समाज के लोग भारत और दुनिया का भविष्य है सुनील ओझा

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन का साक्षी कार्यक्रम श्रृंखलांतर्गत अर्पण महोत्सव का आयोजन छितौना स्थित बाबू बैजनाथ प्रसाद शिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ मे भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम पूर्व विधायक केराकत दिनेश चौधरी के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन के साथ जनपद जौनपुर के 15 से अधिक प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श,जांच व दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वनवासी समाज के प्रतिभाशाली हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्राओं को साइकिल वितरण,एवं नौनिहाल बालकों को पाठ सामग्री तथा महिलाओं को भोजन पात्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो राजीव अध्यक्ष विशाल भारत संस्थान ने कहा समाज का वंचित तबका जब तक विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ेगा सारे विकास छलावा हैं। वंचित समाज की खुशहाली ही श्रेष्ठ भारत की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने अर्पण महोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अंत्योदय का स्वप्न जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार रूप देना चाहते हैं, इस गांव में प्रत्यक्ष होता दिखलाई पड़ रहा है। जन्मदिवस को अर्पण महोत्सव के रूप में मनाने के लिए दिनेश चौधरी को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि वनवासी समाज अद्भुत ऊर्जा से भरा पड़ा है। उपस्थित जनमानस का आह्वाहन करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के लोग जो जमीन से जुड़े हैं वहीं भारत और दुनिया का भविष्य है ।आज जो जलवायु और पर्यावरण आदि का संकट खड़ा है उसका समाधान समाज के इन्हीं घटकों के पास है। अब समय आ गया है जब हर घर एक गाय हो और गौ आधारित हमारी कृषि व्यवस्था हो और वैसी ही हमारी जीवनशैली भी हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे डॉ अजयेंद्र कुमार दुबे प्रबंधक कुटीर संस्थान ने कहा कि हमारे पास ईश्वर की कृपा से धन बल बुद्धि जो कुछ ऐश्वर्य प्राप्त है जिनमे नही है उन्ही को उपलब्ध कराना ही समर्पण है और आज का अर्पण महोत्सव इसी समर्पण का उदाहरण है।

धूमधाम से मनाया गया जश्ने यौम उन नबी व मदहे सहाबा

प्रखर जौनपुर । इस्लाम के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सङ्घअङ्घ के जन्म उत्सव को हर साल हिजरी संवत के दूसरे महीने रबी उल अव्वल कि 12 तारीख को मनाया जाता है। इस मौके पर पूरे मुल्क सहित देश विदेश व जौनपुर शहर सहित विभिन्न तहसीलों तथा गांव में अलग-अलग तारीख को उत्सव मनाया जाता है और लोग सजावट करके घरों में मीठे पकवान पका कर व नात (पैगंबर की शान में कविता पाठ) पढ़कर पैगंबर

साहब की पैदाइश की खुशी मनाते हैं। इस मौके पर जौनपुर शहर में भी एक जश्न का माहौल होता है, जिसमें मरकरी सीरत कमेटी संस्था की अगुआई में विभिन्न सजावट कमेटियां शहर को दुल्हन की तरह सजाते है, और कमेटी की तरफ से एक कौमी यकजहती (राष्ट्रीय एकता) का प्रोग्राम शहर कोतवाली के सामने किदवई पार्क में किया जाता है जिसमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लोग सामाजिक कार्यकर्ता व जिला प्रशासन के लोग मौजूद रहते हैं।

इतिहास की जानकारी रखने वाले इरफान साहब ने बताया कि इस जुलूस का आगाज सन 1925 में शहर के गूलरघाट के रहने वाले मौलाना अली हसन किदवई "मुख्तार" ने उस वक्त के अपने समकक्ष उलमा लोगो के साथ मिलकर किया था। जिसमें एक जुलूस मछली शहर पड़ाव स्थित शाही ईदगाह से उठता है और अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ शाहीपुल से कोतवाली पहुंचकर अल्फिस्टीनगंज से शाही अटाला मस्जिद पर जाकर खत्म हो जाता है। शाही अटाला मस्जिद में एक जलसा कायम होता है जिसमें विभिन्न धर्मगुरु पैगंबर साहब की सीरत (कर्म/चरित्र) पर प्रकाश डालते हैं। इस बीच विभिन्न प्रकार की अंजुमन नात पढ़ते हुए शहर से गुजरती है, वहीं विभिन्न प्रकार के अखाड़े अपना अपना करतब दिखाते हुए लोगों का मन मोह लेते है, जौनपुर में मनाए जाने वाला बारावफात का मेला पूर्वांचल का सबसे बड़ा मेला माना जाता है ,जिसमें शहर ही नही दूरदराज गांव वह आसपास के जिलों के लोग भी देखने के लिए पहुंचते हैं। परंपरा के अनुसार आज भी एक जलसे का कार्यक्रम शाही ईदगाह के प्रांगण में रखा गया जहां शेर मस्जिद के इमाम कारी जिया ने बताया कि आदम अलैहसलाम से लेकर इब्राहिम अ स तक लगभग 1लाख 84 हजार पैगंबर आए, जिनमें हजरत मोहम्मद आखरी पैगंबर के रूप में अवतरित हुए, इनका जन्म मक्का में 570 ईस्वी यानी 53 हिजरी पूर्व मक्का शहर के एक सम्मानित घर अब्दुल्ला के यहां हुआ था, इनकी माता का नाम अमीना था, उस दौर में पर्याप्त फैली हुई बुराइयों के खिलाफ इन्होंने एक मुहिम चलाई, और लोगों को सही रास्ता दिखाया बाद में यह मदीना चले गए वहीं पर इनकी वफात 8 जून 632 ईस्वी में हुई, जुलूस को हरा झंडा दिखाकर के रवाना किया गया, जिसमें मुख्य रुप से असलम शेर खान, नियाज ताहिर शेखू , हाफिज शाह, रियाजुल ,ताज मोहम्मद,मजहर आसिफ,हसीन बबलू,शकील मंसूरी,आदि लोग मौजूद रहे।

मल्हनी में अंतिम सभा रही मुलायम सिंह यादव की, लकी की लगाई नय्या पार

जौनपुर में कार्यकर्ताओं की आँखे हुई नम

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने चार मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव में मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के कोलाहलगंज में अंतिम चुनावी जनसभा की थी। उनकी जनसभा के बाद सपा के कद्दावर नेता रहे पारसनाथ यादव के पुत्र लकी यादव को जीत मिली। मुलायम का जलवा इस बात से भी माना जा रहा था कि पूर्वांचल में सपा ने विधानसभा में भाजपा से अधिक सीटें विस में हासिल की थीं। इसमें मुलायम फैक्टर भी माना जाता रहा है। तबीयत खराब होने के बावजूद पूरे प्रदेश में सिर्फ एक जगह चुनाव प्रचार करना चर्चा का विषय बना हुआ था। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने नौजवानों, किसानों एवं महिलाओं से प्रदेश की तरक्की के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लकी यादव के लिए वोट और सपोर्ट दोनों मांगा था और लोगों में जोश भरा था। बता दें कि मुलायम सिंह यादव ने अपने पार्टी के किसी

भी प्रत्याशी के लिए चुनावी जनसभा नहीं की थी, लेकिन स्वर्गीय पारसनाथ यादव की बेटे के लिए तबीयत खराब होने के बावजूद उन्होंने चुनावी सभा किया। इसी तरह 2017 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने पार्टी के किसी प्रत्याशी के लिए प्रचार नहीं किया था, लेकिन पूर्व विधायक व मंत्री पारसनाथ यादव के लिए उन्होंने कोलाहलगंज बाजार में ही चुनावी सभा कर वोट मांगा। जिससे सारे समीकरण समीकरण ध्वस्त हो गए और समाजवादी पार्टी को जीत हासिल हुई थी।

कार्यकताओं का जोश देख सुरक्षा कर्मियों को लगाई थी फटकार- समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 2022 विधानसभा चुनाव में मल्हनी विधानसभा प्रत्याशी लकी यादव की चुनावी सभा को चार मार्च को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। चुनावी सभा में शामिल कार्यकताओं और समर्थकों की अपार भीड़ और उत्साह देख मुलायम सिंह यादव खुद को रोक नहीं सके। कार्यकर्ता और खुद के बीच बार-बार सुरक्षाकर्मी का आना उन्हें ठीक नहीं लग रहा था जिसके लिए उन्होंने जमकर फटकार लगाई और मंच पर मौजूद लोगों से मुलाकात की। भीड़ में नारेबाजी कर रहे लोगों का अभिवादन किया।

समूह गठित कर जागरूक किए गए फाइलेरिया रोगी

दुदही ब्लॉक के गौरी जगदीश गांव में फाइलेरिया मरीजों की बैठक संपन्न

आम सहमति पर माँ भवानी फाइलेरिया रोगी कल्याण समिति गठित

प्रखर कुशीनगर। फाइलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के लिए दुदही ब्लॉक ग्राम पंचायत गौरी जगदीश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले फाइलेरिया रोगियों की आम सहमति पर माँ भवानी फाइलेरिया रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया। साथ ही फाइलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया। बैठक में फाइलेरिया मरीजों ने बीमारी के बारे में अपने अपने अनुभव को साझा किए।

सीफार संस्था के जिला समन्वयक नीतीश गोविन्द राव ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाली एक बीमारी है। यह बीमारी वर्षों बाद स्पष्टतः प्रकट होती है। सामान्य एवं स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति को कुछ वर्षों में हाथ पैर, अंडकोष व शरीर के अन्य अंगों में सूजन के लक्षण होते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली दवाओं का लगातार पांच साल तक सेवन करने से इससे बचा जा सकता है।

बीमारी से बचाव का बेहतर उपाय है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास व अंदर साफ सफाई रखें। जलभराव न होने दें। समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। पूरी बाजू के कपड़े पहन कर रहें। हाथ या पैर में कहीं चोट लगी हो या घाव हो तो फिर उसे साफ रखें। हाथी पांव प्रभावित अंग को साबुन से धोएं और फिर पानी सुखाकर दवाई लगा लें। उन्होंने कहा कि चिकित्सक द्वारा बताए गए व्यायाम विधि को अपनाने से सूजन नहीं बढ़ता। लगातार व्यायाम करने से सामान्य जीवन व्यतीत करने में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि हाथी पांव के मरीज को पैर को रगड़ कर साफ करने से परहेज करना चाहिए। पैरों को बराबर रख कर आरामदेह मुद्रा में बैठना चाहिए। पट्टे वाला ढीला चप्पल पहनने के साथ सूजन वाली जगह को हमेशा चोट से बचाना चाहिए।

कार्यक्रम में सीफार के ब्लॉक कोआर्डिनेटर मंसुर खां, आशा कार्यकर्ता सुमन यादव, गुड्डी देवी व रंजू देवी, गणमान्य व्यक्तियों में मनोज यादव व किशोर सिंह समेत कई फाइलेरिया रोगी भी मौजूद रहे।

गौरा जगदीश (60) निवासी फाइलेरिया रोगी बाबूराम ने बताया कि दस साल से उनके बायें पैर में फाइलेरिया है, जिससे वह परेशान रहते हैं। कार्यक्रम में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, चिकित्सक द्वारा बताए गए व्यायाम करने की सलाह दी गयी। कई रोगियों ने अपनी अपनी समस्याओं को एक दूसरे से बताया।

सुनीता देवी(30) ने बताया कि करीब छह साल से दाहिने पैर में फाइलेरिया है। प्रभावित अंग को साबुन से धोने तथा सुखाकर दवा लगाने के लिए बताया गया है। यह भी बताया गया कि समय समय पर ग्रुप की बैठक होती रहेगी।

सम्बंध व सम्बोधन दोनों में मधुरता होनी चाहिए : फादर पी विक्टर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर, जौनपुर में खराब मौसम में लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने मौसम को देखते हुए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना की शुरूआत पद्मा दुबे के नेतृत्व में विद्यालय की अध्यापिकाओं ने प्रार्थना गीत के साथ किया। सुनीता दुबे ने पवित्र बाइबल से, समीना फारूकी ने पवित्र कुरान से, प्रियंका सिंह ने पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कर ईश्वर की प्रार्थना की। डॉक्टर रामजी तिवारी ने वैदिक मंत्रों का सस्वर उच्चारण कर विश्व शांति के लिए सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना की। फादर पी विक्टर ने 'पावन आत्मा वरदान दे' भजन का सस्वर गायन कर ईश्वर की प्रार्थना की। प्रार्थना के बाद विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय में अपने पहले दिन की स्मृतियों को ताजा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा आचरण समाज को दशा और दिशा देता है अतः हमारे सम्बंध और सम्बोधन दोनों में मधुरता होनी चाहिए। जिस तरह नौका को संचालित करने के लिए लंगर होता है वैसे ही जीवन को संचालित करने के लिए चार लंगर होते हैं। पहला लंगर-जिसने आपके जीवन को प्रभावित

किया, दूसरा जिसको आपने प्रभावित किया, तीसरा जिसने आपकी मदद की और चौथा जिसकी आपने मदद की।इन चारों का हमारे जीवन में महत्त्व होता है और हमें इनका आभार प्रकट करना चाहिए। नौका के पतवार के समान ईश्वर का हमारे जीवन में सबसे बड़ा योगदान है। अपने जीवन की पतवार ईश्वर के हाथों सौंप देने से वह सकुशल किनारे लगा देता है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं